हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 61 देहरादून, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



धामी कैबिनेट ने जनहित में लिए महत्वपूर्ण निर्णय 3

# समूहों की महिलाओं ने मुख्यमंत्री की कलाई में बाँधी राखी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 25 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये राखी के स्टॉलों का अवलोकन किया। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और उन उत्पादों की अच्छी बिक्री हो, इस उद्देश्य से राज्य में 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना' शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के सभी विकासखण्डों में महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 24 से 28 अगस्त 2023 तक राखियों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। स्टॉलों के अवलोकन के दौरान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने मुख्यमंत्री की कलाई में राखी भी बांधी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके बाद सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से सभी जनपदों से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की बहनों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सभी से उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों एवं उनकी बिक्री की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी स्थानीय उत्पाद बनाये जा रहे हैं, उनमें हमें गुणवत्ता और पैकेजिंग का विशेष ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि हमारी बहनों ने जब भी कोई संकल्प लिया है, उसे सिद्धि तक पहुंचाया है। 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना' को और बेहतर बनाया जायेगा। जिसमें महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही उनके लिए अच्छे मार्केट की व्यवस्था भी की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिला स्वयं सहयता समूहों द्वारा नये उत्पाद बनाने के लिए अनेक नवाचार किये गये हैं। उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से अपील भी की है कि त्योहारों एवं विशेष पर्वो पर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये स्थानीय उत्पादों को जरूर खरीदें। 'वोकल फॉर लोकल' से जहां हमारे उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय स्तर लोगों की आजीविका भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कार्य हो रहे हैं।

संवाद के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने बताया कि रक्षा बंधन के अवसर पर उनके द्वारा भोजपत्र, ऐपण, वैजयंती माला, पिरूल एवं अन्य स्थानीय उत्पादों पर आधारित राखियां बनाई गई हैं। जिनकी बाजार में मांग भी बहुत है। सभी जनपदों में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय उत्पादों पर आधारित राखियों की बिक्री के लिए स्टॉल भी लगाये गये हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना की एवं उनका आभार भी व्यक्त किया।

सचिवालय में गीता पुष्कर सिंह धामी ने भी महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये राखी के स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रेमचन्द अग्रवाल, डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा, आयुक्त ग्राम्य विकास आनन्द स्वरूप, वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी एवं सीडीओ उपस्थित थे।



# चौबट्टाखाल को सीआरआईएफ से मिली 47 करोड़ की तीन सड़कें

■ महाराज ने केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सतपुली (पौड़ी) , 25 अगस्त , प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि के अंतर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से अपने विधानसभा क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।



प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि के अंतर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से अपने विधानसभा क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण सड़कों विकासखंड पाबौ में 14.50 करोड़ की लागत से बनने वाले 16.25 किमी लम्बे पाबौ-गड़ीगांव, पिनानी-दमदेवल मोटर मार्ग, विकासखंड ऐकेश्वर में 6.61 करोड़ की 7 किमी बैन्दूल मुसासु तुनाखाल मोटर मार्ग और 26 करोड़ की लागत की लागत से बनने वाली 24 किमी लंबी मरचूला सराईखेत बैजरों पोखड़ा सतपुली पौड़ी मोटर मार्ग के डामरीकरण सुधारीकरण एवं सड़क सुरक्षा की स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# देहरादून में 28 को शहर भ्रमण पर होंगे श्री टपकेश्वर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। शोभायात्रा शिवाजी धर्मशाला से सहारनपुर चौक, हनुमान चौक, पीपलमंडी धामावाला, श्री जंगम शिवालय मंदिर पलटन बाजार, घंटाघर, कनाट प्लेस, बिंदाल चौक, गढ़ी कैंट होते हुए श्री टपकेश्वर मंदिर पर विश्राम लेगी। अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, महासचिव महेश खंडेलवाल ने बताया कि मथुरा वृंदावन मेरठ व अन्य शहरों से आए कलाकारों द्वारा झांकियां तैयार की जा रही है।

श्री टपकेश्वर जी के चारों स्वरुप, ब्रह्मलीन श्री महंत मायागिरी महाराज के डोलों के साथ ही अष्ट विनायक, भस्म आरती महाकाल, खाटू श्याम, 56 भोग, पार्थिव शिवलिंग, पंचमुखी हनुमान जी की झांकियां रहेंगी। शोभायात्रा को भव्य रुप देने के लिए जबलपुर से श्री श्याम बैंड, दिल्ली से सोहन बैंड, मुजफ्फरनगर से पॉपुलर बैंड, सहारनपुर से अशोक बैंड, देहरादून से अल्ताफ बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। सचिव प्रचार दिनेश शर्मा, विनय वर्मा ने बताया कि सेवादारों की टीमें जगह जगह पुलिस को सहयोगी देगी। ताकि आम लोगों को जाम की परेशानी न हो। यात्रा के पीछे पीछे पचास सेवादारों की टीमें सफाई करती हुई चलेगी। एम्बुलेंस, दो डॉक्टर, फायर वाहन भी साथ में रहेगा। हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडाराः संगठन सचिव रजनीश यादव, आशीष गुप्ता ने बताया कि लगभग 25 हजार लोगों के लिए विशाल भंडारा एक बजे से श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर गढ़ी कैंट के सत्संग भवन में प्रारंभ होगा।

# अब सिर्फ 7 हजार की EMI पर बने कार के मालिक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अगस्त , कार हर किसी का सपना होती है और खासकर घर में आई पहली कार किसी त्योहार से कम नहीं होती। एक कार परिवार के सामने आने वाली लगभग सभी समस्याओं को आसानी से हल कर सकती है क्योंकि यह कहीं भी आने-जाने का एक आरामदायक साधन है। ऐसे में जब भी कोई व्यक्ति पहली कार खरीदता है तो उसके सामने कई तरह की शंकाएं और उलझनें होती हैं। ज्यादातर लोगों को उनकी पहली कार बजट में मिलती है।

अगर आप भी अपनी पहली कार खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो आपके लिए ऑल्टो K10 बेस्ट कार हो सकती है। कार गैसोलीन और सीएनजी विकल्प में उपलब्ध है और 5 लोगों की क्षमता प्रदान करती है। ऑल्टो K10 की खासियत यह है कि यह कम रखरखाव वाली, लंबे समय तक चलने वाली कार है। देखते हैं पहली कार के तौर पर यह आपके लिए कितनी फायदेमंद होगी।

शक्तिशाली इंजन

ऑल्टो K10 में BS6 स्टेज 2 सपोर्ट वाला 1.0 लीटर K-सीरीज इंजन मिला है। यह इंजन 65.71 hp की पावर जेनरेट करता है। वहीं सीएनजी के साथ इसकी पावर थोड़ी कम हो जाती है और 55.92 एचपी की पावर जेनरेट करती है। शहरी या ग्रामीण इलाकों में आपको दोनों इंजन से परफेक्ट पावर मिलेगी और यह आपको बेहतरीन माइलेज भी देगा।

कितना मिलेगा माइलेज

ऑल्टो K10 के गैसोलीन वेरिएंट की बात करें तो यह 25 किलोमीटर प्रति लीटर तक का माइलेज देता है, जो इस सेगमेंट में सबसे अच्छा है। वहीं सीएनजी पर इनके माइलेज का मुकाबला कोई नहीं कर सकता। सीएनजी के साथ यह कार 35 किमी प्रति किलोग्राम तक का माइलेज देती है।

कम रखरखाव


ऑल्टो K10 का रखरखाव भी बहुत कम है और आप इसे किसी भी अन्य दोपहिया वाहन की तरह आसानी से बनाए रख सकते हैं। कार की वार्षिक रखरखाव लागत लगभग 6,000 रुपये है। ऐसे में अगर इसे मासिक तौर पर देखा जाए तो यह 500 रुपये से भी कम है। हालाँकि, यह एक सामान्य सेवा शुल्क है और इसमें किसी भी स्पेयर पार्ट्स को बदलने की लागत शामिल नहीं है।




# सीलिंग फैन की पंखुड़ी एक तरफ क्यों होती हैं झुकी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अगस्त , घर में भले ही कूलर या एसी मौजूद हो. लेकिन, तुरंत गर्मी से राहत पाने के लिए लोग सीलिंग फैन का ही इस्तेमाल करते हैं. सीलिंग फैन का इस्तेमाल गर्मी ही नहीं बल्कि लगभग सभी मौसमों में किया जाता है. इसलिए घरों में सीलिंग फैन होना आम बात है. लेकिन आपने कभी सीलिंग फैन की पंखुड़ी को ध्यान से देखा हो तो आपने नोटिस किया होगा कि इसकी पंखुड़ी एक तरफ थोड़ी सी झुकी हुई होती हैं.



आखिर ऐसा क्यों होता है? अगर आपको इसके बारे में पता नहीं है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके बारे में हम आपको यहां बताने जा रहे हैं.आपको बता दें कि अगर ये पंखुड़ी जरा भी डिस्टर्ब हो जाए तो सीलिंग फैन ठीक से काम करना बंद कर देता है और गर्मी हो या सर्दी फिर आपको इसकी हवा में मजा आना बंद हो जाएगा. ऐसे में अगर आपके फैन की पंखुड़ी भी डिस्टर्ब हो गई हैं, तो इन्हें आपको इसे तुरंत ठीक करा लेना चाहिए, क्योंकि पंखुड़ी की इस बनावट का हवा के साथ बहुत पुराना संबंध है.

**सीलिंग फैन की पंखुड़ी क्यों झुकी होती है**

सीलिंग फैन में आमतौर पर तीन पंखुड़ी दी जाती हैं, जिनके बीच में बराबर का स्पेस दिया जाता है. वहीं तीनों ही पंखुड़ी एक तरफ से थोड़ी उठी और एक तरफ थोड़ी झुकी हुई होती है. अपनी इसी शेप की वजह से पंखुड़ी फैन के चलने पर नीचे की ओर तेजी से प्रेशर के साथ हवा थ्रो करती है और आपको गर्मी में राहत मिलती है. अगर फैन की पंखुड़ी इस शेप में नहीं रहेगी, तो आपको हवा नहीं मिलेगी. अगर आपके पंखे की पंखुड़ी पर गंदगी जमा हो गई है, तो ये तेज हवा देना बंद कर देगा, जिसके चलते आपके रूम में कूलर और एयर कंडीशनर की कूलिंग प्रॉपर डायवर्ट नहीं होगी. ऐसे में आपको तेज गर्मी से राहत नहीं मिलेगी.

# अगर रात को खाते हैं दाल चावल तो हो जाएं सावधान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अगस्त , मीडिया रिपोर्ट कहती है कि आपका स्वाद आपकी सेहत बिगाड़ सकता है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि मौसम सुहावना हो गया है, लोग घूमने-फिरने में व्यस्त हैं, लेकिन जो लोग यूरिक एसिड बढ़ने से परेशान हैं, उनके लिए इस मौसम का आनंद लेना मुश्किल हो जाता है।लेकिन यह भी सच है कि आपके खान-पान से जुड़ी कुछ आदतों के कारण यह बीमारी बढ़ती और घटती रहती है। उदाहरण के तौर पर अगर आप भी देर रात हाई प्रोटीन डाइट या दाल चावल खाते हैं तो आप भी हाई यूरिक एसिड की समस्या का शिकार हो सकते हैं.



**यूरिक एसिड क्या है**

आपको बता दें कि यूरिक एसिड हमारे शरीर में बनने वाला एक टॉक्सिन है, जो प्यूरीन आहार के अधिक सेवन से बढ़ता है। अगर पेशाब के जरिए शरीर से बाहर निकलने वाला यह अपशिष्ट पदार्थ बाहर नहीं निकल पाता है तो यह बहुत हानिकारक साबित होता है। जब हमारे शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है तो गठिया का खतरा भी बढ़ जाता है। गठिया की समस्या के कारण पैरों और हाथों के जोड़ों और उंगलियों में बहुत दर्द और सूजन हो जाती है।

**दाल-चावल तेजी से यूरिक एसिड बढ़ाते हैं**

आपको बता दें कि खासतौर पर देर रात में दाल-चावल का सेवन करने से शरीर में यूरिक एसिड का स्तर तेजी से बढ़ सकता है। आयुर्वेद के अनुसार जिन लोगों को हाई यूरिक एसिड होता है उन्हें रात के खाने में भूलकर भी चावल और दाल नहीं खाना चाहिए। क्योंकि उच्च प्रोटीन वाली दालें उंगलियों और जोड़ों में गठिया के दर्द को बढ़ा सकती हैं। इसके साथ ही रात के समय छिलके वाली दालों के सेवन से भी बचना जरूरी है।

**दालों का मैल निकालना जरूरी है.**

वहीं कहा जाता है कि कुकर में पकाई गई दाल भी यूरिक एसिड को बढ़ाने का काम करती है. क्योंकि कुकर में दाल बनाने की प्रक्रिया के दौरान दाल से झाग नहीं निकलता है. ये झाग एक तरह के सर्फेक्टेंट होते हैं जो शरीर में धीमे जहर की तरह काम करते हैं। ये सर्फेक्टेंट शरीर में यूरिक एसिड के स्तर को तेजी से बढ़ाते हैं।

# मां नैणी देवी की डोली 38 साल बाद यात्रा पर जाएगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। नारायणबगड़ ब्लाक के भटियाणा( उत्तरी कड़ाकोट ) की अराध्य मां नैणी देवी की डोली 38 वर्षों के बाद दिवारा भ्रमण पर जाएगी। गुरुवार को मां नैंणी देवी सेवा समिति के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी हिमांशु खुराना को ज्ञापन सौंप कर विभिन्न मांगें की। समिति के अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद डिमरी ने कहा कि उत्तरी कडाकोट क्षेत्र की अराध्या देवी मां नैंणी देवी की देवरा यात्रा आगामी 17 सिंतबर से शुरू होंगी व 24 मार्च को संपंन्न होंगी। कहा कि सोनला, कण्डारा, भटियाणा, व नारायणबगड़, परखाल, भटियाण मोटर मार्ग भारी बारिश व अतिवृष्टि से जगह जगह पर क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे संबंधित विभाग से यात्रा से पूर्व सुधारिकरण का कार्य किया जाय। वहीं दिवारा यात्रा में शांति व्यवस्था को देखते हुए , पुलिस बल की व्यवस्था, पूजा दिवसों में क्षेत्र में विभिन्न विभागों के शिविर, स्टाल लगाये जायें स्वास्थ्य शिविर, 10-12 प्रीफ्रेब्रिकेटेड शौचालयों की व्यवस्था की मांग की।

इस मौके पर उपाध्यक्ष उदय सिंह नेगी, कल्पेश्वर रतूड़ी, सचिव जगत सिंह बुटोला, हरीश प्रसाद थपलियाल, वरिष्ठ संरक्षक द्वारिका प्रसाद देवराड़ी, संरक्षक सदानंद रतूड़ी, मोहन प्रसाद देवराड़ी, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह रावत, नरेश प्रसाद, दलवीर सिंह नेगी, ग्राम प्रधान कोट भूपेंद्र नेगी व विक्रम नेगी आदि मौजूद थे।

## मंत्री प्रेमचंद ने रखी आपदाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की रखी

ऋषिकेश। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में अत्याधिक बारिश से हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को पत्र सौंपकर जलभराव से प्रभावित इलाकों को आपदाग्रस्त क्षेत्र घोषित की मांग की। प्रभावितों को अतिशीघ्र वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह भी किया है। सचिवालय में मुलाकात के दौरान मंत्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। बताया कि इस वर्ष सामान्य से ज्यादा बारिश से ग्रामीण क्षेत्र में रायवाला, श्यामपुर, खदरी, ठाकुरपुर, गुमानीवाला की आबादी प्रभावित है। शहरी क्षेत्र में चंद्रेश्वरनगर, गंगानगर, मनसा देवी और शिवाजीनगर आदि में जलभराव से लोगों को भारी नुकसान हुआ है। वित्तीय सहायता में देरी से प्रभावित परेशान हैं। जलभराव स्थानीय लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि मांग पत्र पर मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

# धामी कैबिनेट ने जनहित में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

1. नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग का सीमा विस्तार किये जाने के संबंध में कैबिनेट द्वारा सहमति प्रदान की गई जिसमें राजस्व ग्राम बर्सू, जयमंडी, डागसेरा, औण एवं कालापहाड़ एवं राजस्व ग्राम धवेली (उमरानारायण मंदिर से धवेली गदेरे तक) तथा राजस्व ग्राम जवाड़ी (श्री केदारनाथ मुख्य मार्ग बाईपास पुल से जवाड़ी बाईपास पुल तक) को सम्मिलित करते हुए नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग का सीमा विस्तार किया जाना है। प्रस्तावित क्षेत्र के सीमा विस्तार किये जाने के फलस्वरूप वहाँ के निवासियों को प्रकाश, सीवर लाईन, पक्की नाली, सड़कें साफ- सफाई. सम्पर्क मार्ग, शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी।

2. नगर पंचायत कीर्तिनगर का सीमा विस्तार किये जाने के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। नगर पंचायत कीर्तिनगर, टिहरी गढ़वाल की सीमा से लगे ग्राम सभा घिल्डियाल गांव जाखड़ी के अन्तर्गत राजस्व ग्राम माण्डाकुटी सैंण के छूटे हुए 32 परिवारों एवं ग्राम सभा रामपुर के राजस्व ग्राम मोहननगर को नगर पंचायत कीर्तिनगर में सम्मिलित किये जाने के फलस्वरुप प्रस्तावित क्षेत्र के निवासियों को प्रकाश, सीवर लाइन, पक्की नाली, सड़के, साफ सफाई, सम्पर्क मार्ग, शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी जिससे नगर के सौन्दर्यीकरण में वृद्धि होगी। नगर में सौन्दर्यीकरण में वृद्धि होने पर पर्यटक यहां की ओर आकर्षित होंगे जिससे नगर की आय में वृद्धि होगी।

3. नगर पंचायत भीमताल को उच्चीकृत कर नगर पालिका परिषद बनाये जाने का कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। नगर पंचायत भीमताल का उच्चीकरण किये जाने के फलस्वरूप वहाँ के निवासियों को प्रकाश, सीवर लाइन, पक्की नाली, सडके, साफ सफाई, सम्पर्क मार्ग, शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी। साथ ही भीमताल की नगर पालिका परिषद का दर्जा दिये जाने से यहां नगर पालिका परिषद के मानकों के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति होने के साथ ही निकाय की प्राप्त होने वाले अनुदानों में भी पर्याप्त वृद्धि हो सकेगी जिससे इस पर्यटक स्थल में जनभावना के अनुरूप विकास कार्य कराये जाने सम्भव हो सकेंगे।

4. मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली 2023 का प्रख्यापन हेतु कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। वर्तमान में मानव वन्यजीव संघर्ष के अन्तर्गत जान-माल की क्षति होने पर अनुग्रह राशि का भुगतान "मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2012" एवं राज्य सरकार के आपदा प्रबन्धन अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या-1468 दिनांक 11.11.2019 के प्राविधान अनुसार किया जा रहा है।

दिनांक 10.12.2022 को मा० मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में सम्पन्न राज्य वन्यजीव बोर्ड की 18वीं बैठक में मानव वन्यजीव संघर्ष के अन्तर्गत मानवीय क्षति होने पर देय अनुग्रह राशि को बढ़ाने के साथ-साथ नियमावली मे उल्लिखित पशुधन (यथा-बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ (स्नो लेपर्ड), जंगली हाथी, तीनों प्रजाति के भालू (एशियाई काला भालू, हिमालयन भूरा भालू स्लॉथ भालू), जंगली सुअर, लकड़बग्घा, मगरमच्छ / घड़ियाल, चीतल, काकड़, सांबर, नील गाय, बन्दर, लंगूर, सांप) के अतिरिक्त मधुमक्खी व ततैया के नाम भी सम्मिलित किये जाने की संस्तुति की गयी है। उक्त के क्रम में उक्त मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2012 को अधिक्रमित करते हुए "मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली 2023 प्रख्यापित की जानी प्रस्तावित है, ताकि वन्यजीवों से जान-माल की क्षति होने




पर सम्बन्धित को यथोचित अनुग्रह राशि नवीनतम दरों के अनुसार प्रदान की जा सकें।

5. महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत जारी उत्तराखण्ड राज्य रोजगार गारन्टी योजना, 2006 के मार्ग-निर्देश में जिलाधिकारी / जिला कार्यक्रम समन्वयक तथा खण्ड विकास अधिकारी / कार्यक्रम अधिकारी के प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के अधिकारों में वृद्धि किये जाने विषयक पर कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी अधिनियम, 2005 (मनरेगा) के अन्तर्गत वर्ष 2006 में दिशा-निर्देश निर्गत किये गये, जिसके अध्याय-11 के अन्तर्गत जिले के जिलाधिकारी / जिला कार्यक्रम समन्वयक योजनान्तर्गत अनुमोदित कार्यों, जिनकी लागत रू 1 लाख से अधिक है, की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने का अधिकार है तथा कार्यक्रम अधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी को रू 1 लाख तक की योजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने का अधिकार है। चूंकि तत्समय योजनान्तर्गत पंजीकृत परिवारों एवं श्रमिकों की संख्या कम थी एवं कार्य की मांग सीमित होने के साथ ही साथ सामग्री का मूल्य भी वर्तमान की अपेक्षा कम थे अतः तत्समय कार्यक्रम अधिकारी की वित्तीय एवं प्रशासनिक सीमा रू 1 लाख उचित थी। वर्तमान समय में पंजीकृत परिवारों की संख्या / कार्य की मांग / सामग्री मूल्यों में वृद्धि हो जाने के कारण योजनान्तर्गत जिलाधिकारी / जिला कार्यक्रम समन्वयक के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों को बढ़ाकर रू 3 लाख से अधिक किया जाना तथा कार्यक्रम अधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों को बढ़ाकर रू 3 लाख तक किया जाना प्रस्तावित है।

6. उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना' संचालन विषयक। उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत उच्च गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक वातावरण का विकास एवं विविधिकरण तथा नई तकनीकों के अनुप्रयोग आदि के कारण शोध एवं विकास की भूमिका महत्वपूर्ण होने के दृष्टिगत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों और मूल्यों के अनुरूप संस्थाओं को विकसित करने के उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2023-24 से ''मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना'' प्रारम्भ की जा रही है। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य पर्यावरण, ज्वलंत मुद्दों, उत्तराखंड विकास पर शोध, पर्यटन, परम्परागत विज्ञान, इंजीनियरिंग में उभरते क्षेत्रों में शिक्षण और शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। शोध हेतु व्यापक विषय क्षेत्र विज्ञान, कला एवं मानविकी, गृह विज्ञान, वाणिज्य प्रबंधन सहित अंतर्विषयक (Interdisciplinary ) विषय क्षेत्र भी स्वीकार किए जाएंगे। राज्य से संबंधित शोध विषयों को प्रोत्साहित करते हुए विशिष्ट समस्या समाधान और क्रियात्मक शोध विषयों (Problem and Action Based Research Programmes ) को वरीयता प्रदान की जाएगी। उक्त शोध प्रोत्साहन योजना हेतु राज्य के शासकीय महाविद्यालयों, अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों तथा राज्य विश्वविद्यालय परिसरों में कार्यरत नियमित प्राध्यापक तथा संबंधित संस्थानों में नियमित संस्थागत रूप में अध्ययनरत छात्र / छात्राएं एवं शोध अध्येता पात्र होंगे। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना हेतु ऑनलाइन माध्यम से समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। प्रस्तावित योजनान्तर्गत प्रमुख सचिव / सचिव, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय शोध एवं विकास प्रकोष्ठ समिति का गठन किया जाएगा। योजनान्तर्गत शोध हेतु अनुदान की अधिकतम राशि की सीमा ₹15 लाख तक होगी, जिसे विशेष परिस्थितियों में अत्यन्त महत्व के शोध हेतु राज्य शोध एवं विकास प्रकोष्ठ समिति की संस्तुति के आधार पर अतिरिक्त 20 प्रतिशत तक बढ़ाते हुए कुल ₹18 लाख तक अनुमन्य किया जा सकता है। शोध की अनुदान राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाएगी शोध की अनुदान राशि संस्था के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के खाते में डी०बी०टी० के माध्यम से दी जाएगी। शोध कार्य हेतु शोध सहयोगी के प्रथम योगदान से शोध कार्य की समाप्ति की तिथि तक ₹5,000/- प्रति माह की दर से शोध मानदेय देय होगा। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार संचालित होगी।

7. कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 395 ( b ) के अनुपालन में पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि० के वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 की वार्षिक वित्तीय आख्या (Annual Financial Report ) विधान सभा के पटल पर रखे जाने का कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 395 (बी) में सरकारी कम्पनियों के वार्षिक लेखा रिपोर्ट (Annual Financial Report ) के तैयार होने के बाद महालेखाकार की टीका-टिप्पणियों या संपरीक्षा रिपोर्ट के साथ राज्य विधानमंडल के सदन या दोनों सदनों समक्ष रखे जाने का प्रावधान है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में ऊर्जा विभाग के नियन्त्रणाधीन पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि० (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) के वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 के वार्षिक लेखा विवरण को विधान मंडल के सदन या दोनों सदनों के समक्ष रखे जाने से पूर्व मा० मंत्रिमण्डल से निर्णय / आदेश प्राप्त किये जाने हैं, जिसके दृष्टिगत यह प्रस्ताव लाया गया है।

8. उत्तराखण्ड वन विभागान्तर्गत वन सांख्यिकीय सेवा संवर्ग के ढांचे में आंशिक संशोधन करते हुए सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के स्वीकृत 34 पदों में से 02 पद समाप्त करते हुए उप निदेशक सांख्यिकीय के 02 नवीन पद सृजित किये जाने का निर्णय कैबिनेट द्वारा लिया गया है।

9. "खेल नीति, 2021 के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तराखण्ड में राजपत्रित/ अराजपत्रित पदों पर आउट ऑफ टर्न सेवायोजन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। "खेल नीति, 2021" की प्रख्यापित अधिसूचना दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 के क्रम में खेल नीति, 2021 के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तराखण्ड में राजपत्रित / अराजपत्रित पदो पर आउट ऑफ टर्न सेवायोजन प्रदान किये जाने का संबंधी निर्णय लिया गया था। इस हेतु उत्तराखण्ड राज्य में बहुमुखी खेल प्रतिभायें विद्यमान हैं, जिन्होंने समय-समय खेल की अनेक विधाओं में पदक हासिल किया है। चूंकि वर्तमान में उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सेवायोजन की कोई व्यवस्था निर्धारित नहीं है, जबकि वर्तमान में कई राज्यों (यथा-हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, उड़ीसा, बिहार, मध्य प्रदेश व अन्य एवं रेलवे / ओ०एन०जी०सी० व अन्य) में कई राज्यों द्वारा खिलाड़ियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर सीधे सेवायोजित किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप उत्तराखण्ड के प्रतिभावान खिलाड़ी, जिन्होने पूर्व में पदक प्राप्त किये है अथवा वर्तमान में पदक प्राप्त कर रहे है व अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिये अन्य राज्यों में सेवायोजन प्राप्त कर रहे है और उन्हीं राज्य का विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व भी कर रहे है, जिसके कारण उत्तराखण्ड राज्य खेल प्रतिभाओं का होने के बावजूद भी अन्य राज्यों से पिछड़ रहा है। इसलिए उत्तराखण्ड राज्य के विशिष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिये जाने हेतु राज्य सरकार के अधीन "खेल नीति, 2021" के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तराखण्ड में राजपत्रित/अराजपत्रित पदों पर आउट ऑफ टर्न सेवायोजन प्रदान किये जाने हेतु एक व्यवस्था बनाया जाना आवश्यक है।

10. प्रचलित अनुबंधों की कार्यपूर्ति प्रतिभूति एवं प्रतिभूति निक्षेप ( Performance bank guarantee cum Security Deposit ) की दरों को कार्यहित में युक्तिसंगत बनाये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। भारत सरकार द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति एवं प्रतिभूति निक्षेप ( Performance bank guarantee cum Security Deposit ) को युक्तियुक्त बनाये जाने के उद्देश्य से लिये गये निर्णय के क्रम में राज्य सरकार द्वारा कार्यपूर्ति गारण्टी तथा प्रतिभूति निक्षेप की दरों के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिया गया है:- निर्माण कार्यों में रू 5 करोड़ तक की अनुमानित लागत वाले कार्य के लिए संविदा मूल्य का 05 प्रतिशत तथा रू 5 करोड़ से अधिक के अनुमानित लागत वाले कार्य के लिए संविदा मूल्य का 03 प्रतिशत कार्यपूर्ति गारण्टी ( Performance Guarantee ) ली जायेगी। निर्माण कार्यों में प्रतिभूति निक्षेप ( Security Deposit / Retention money ) की दर संविदा मूल्य का 05 प्रतिशत से 07 प्रतिशत होगी। सामग्री एवं सेवाओं के लिए कार्यपूर्ति प्रतिभूति की दर संविदा के मूल्य की 3 से 10 प्रतिशत होगी।

11. उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विभाग (मेडिकल कॉलेज) नर्सिंग संवर्ग (अराजपत्रित) सेवा (संशोधन) नियमावली 2023 के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। दिनांक 31 मई, 2023 को संपन्न मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रकरण का स्वतः संज्ञान लेते हुए निर्णय लिया गया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग में नर्सों की भर्ती एक बार के लिए वर्षवार योग्यताक्रम के आधार पर किये जाने हेतु चिकित्सा शिक्षा विभाग की नर्सिंग संवर्ग (अराजपत्रित) नियमावली के नियम-16 में संशोधन किये जाने हेतु मंत्रिमण्डल के सम्मुख प्रस्तुत किया जाय। उक्त के अनुपालन में मात्र वर्ष 2023-24 हेतु चिकित्सा शिक्षा विभाग की नर्सिंग संवर्ग ( अराजपत्रित) नियमावली के नियम-16 में संशोधन किये जाने हेतु मंत्रिमण्डल का अनुमोदन प्राप्त किया गया।

12. सेब की अति सघन बागवानी योजना (राज्य सैक्टर) के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। राज्य में सेब उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने हेतु राज्य सैक्टर के अन्तर्गत सेब की अति सघन बागवानी की योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 से वर्ष 2030-31 (08 वर्ष) तक 5000 है0 क्षेत्रफल में 60 प्रतिशत राजसहायता पर कृषकों के प्रक्षेत्र पर M-9, MM- 111 तथा सीडलिंग आधारित सघन उद्यान स्थापित किये जाने पर रु 808.79 करोड़ व्यय किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में राज्य में सेब के सामान्य बागानों में लगभग 2.50 मै0टन प्रति है० उत्पादकता है, जबकि सेब की अतिसघन बागवानी से लगभग 25 मै० टन प्रति है० उत्पादकता प्राप्त होगी, जिससे लगभग 45000 से 50000 रोजगार सृजन एवं सेब का वर्तमान व्यवसाय रु 200 करोड़ से बढ़ाकर रू 2000 करोड़ किये जाने का लक्ष्य हैं। साथ ही कृषकों की आय में वृद्धि, पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन में कमी एवं राज्य के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में सहयोग होगा।

13. जनपद चमोली के अन्तर्गत विकासखण्ड मुख्यालय घाट में नन्दानगर के नाम से नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया। प्रस्तावित क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा दिये जाने के फलस्वरूप वहाँ के निवासियों को प्रकाश, सीवर लाइन, पक्की नाली, सड़कें, साफ-सफाई, सम्पर्क मार्ग, शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी। नगर पंचायत का गठन होने से इस क्षेत्र का समुचित विकास / व्यवस्था होने पर इस क्षेत्र में और अधिक पर्यटक आने की सम्भावना बढ़ जायेगी जिसका प्रभाव इनकी आर्थिकी पर भी पड़ेगा।

14. नगर पालिका परिषद् हरबर्टपुर का सीमा विस्तार किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। नगर पालिका हरबर्टपुर का सीमा विस्तार किये जाने के फलस्वरूप सम्मिलित होने वाले क्षेत्र के निवासियों को पथ-प्रकाश, सीवर लाईन, पक्की नाली, साफ-सफाई, सम्पर्क मार्ग एवं शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होंगी जिससे नगर के सौन्दर्यीकरण में वृद्धि होगी। नगर में सौन्दर्यीकरण में वृद्धि होने पर पर्यटक यहां की ओर आकर्षित होंगे, जिससे नगर की आय में वृद्धि होगी।

15. जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, नरेन्द्रनगर का सीमा विस्तार किये जाने के संबंध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया। नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर का सीमा विस्तार

(शेष पेज 4 पर)

# धामी कैबिनेट ने जनहित ......

किये जाने के फलस्वरुप प्रस्तावित क्षेत्र के निवासियों को प्रकाश, सीवर लाइन, पक्की नाली, सड़कें, साफ सफाई, सम्पर्क मार्ग, शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी जिससे नगर के सौन्दर्यीकरण में वृद्धि होगी। नगर में सौन्दर्यीकरण में वृद्धि होने पर पर्यटक यहां की ओर आकर्षित होंगे जिससे नगर की आय में वृद्धि होगी।

16. मा० मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-1422/ 2021 जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड मुनस्यारी को नगर पालिका बनाया जायेगा के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। ग्राम पंचायत सरमोली (शंखधूरा एवं सरमोली राजस्व गाँव), जैंती, मल्ली घोपट्टा एवं बूंगा तथा ग्राम पंचायत तल्ली घोपट्टा को मिलाकर विकासखण्ड मुनस्यारी को नगर पंचायत बनाया जाना है। प्रस्तावित क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से क्षेत्र में निवास करने वाले समस्त व्यक्तियों को नगर पंचायत द्वारा दी जाने वाली मूलभूत आवश्यक सेवा जैसे स्ट्रीट लाईट व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पार्कों का सौन्दर्यीकरण, सड़क मरम्मत, नाली / नालों की मरम्मत एवं सफाई आदि की सुविधायें प्राप्त होंगी तथा इस पर्यटक स्थल के सौन्दर्यीकरण में वृद्धि होगी ।

17. 'मुख्यमंत्री प्रतियोगी परीक्षा परीक्षार्थी रियायत परिवहन योजना, 2023' प्रख्यापित किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। मा० मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणा सं0 274 / 2023 "प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले परीक्षार्थियों को राज्य के अन्दर अपने गृह स्थान से परीक्षा केन्द्र तक राज्य की परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने पर मुख्यमंत्री प्रतियोगात्मक परीक्षार्थी परिवहन योजना के अन्तर्गत यात्रा किराये में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी" के क्रियान्वयन / पूर्ति हेतु उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी लिखित परीक्षा (मुख्य परीक्षा / एकल परीक्षा, यथा लागू) तथा / अथवा साक्षात्कार में सम्मिलित होने के निमित्त परीक्षार्थियों को उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में यात्रा किराये में 50 प्रतिशत रियायत की सुविधा विषयक 'मुख्यमंत्री प्रतियोगी परीक्षा परीक्षार्थी रियायत परिवहन योजना 2023' (हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण सहित) प्रख्यापित किये जाने के सम्बन्ध में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

18. एकल सदस्यीय समर्पित आयोग का कार्यकाल 06 माह विस्तारित किये जाने के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। राज्य के भीतर प्रति स्थानीय निकायों में पिछडेपन की प्रकृति और निहितार्थों की समसामयिक कठोर अनुभवजन्य जांच ( contemporaneous rigorous empirical inquiry ) कराये जाने हेतु श्री बी०एस० वर्मा, सेवानिवृत्त मा० न्यायाधीश, मा० उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय समर्पित आयोग का कार्यकाल विस्तारित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के क्रम में शासन की अधिसूचना संख्या-141098 / 2023 दिनांक 26 जुलाई, 2023 (परिशिष्ट-2) के द्वारा मा० आयोग का कार्यकाल कार्यवधि की समाप्ति दिनांक 26.07.2023 से आगामी 06 माह तक विस्तारित किया गया है।

19. "उत्तराखण्ड प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष नियमावली, 2005" में संशोधन करते हुए ''उत्तराखण्ड प्रान्तीय रक्षक एवं विकास दल कल्याण कोष (संशोधन) नियमावली 2023'' प्रख्यापित किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तराखण्ड के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्ययोजित किये गये प्रांतीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों को ड्यूटी के दौरान मृत्यु स्थायी अपंगता अथवा दुर्घटनाग्रस्त होने की दशा में उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु वर्तमान में "उत्तराखण्ड प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष नियमावली, 2005 प्रचलित है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रान्तीय रक्षक एवं विकास दल के स्वयंसेवकों को प्रदान की जाने वाली सहायता को अधिक उपयोगी बनाये जाने हेतु मा मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद देहरादून में की गयी राज्य स्तरीय घोषणा सां0-121 / 2022 (राज्य सरकार के समस्त विभागों में कार्यरत् पी०आर०डी० स्वयंसेवकों को होमगार्ड स्वयंसेवकों की भांति सामाजिक सुरक्षा बीमा का लाभ तथा ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने की दशा में स्वयंसेवक के परिवार को रू 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी), के क्रियान्वयन हेतु "उत्तराखण्ड प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष नियमावली, 2005 में संशोधन प्रस्तावित करते हुये उत्तराखण्ड प्रान्तीय रक्षक एवं विकास दल कल्याण कोष (संशोधन) नियमावली, 2023 प्रख्यापित किया जाना प्रस्तावित है।

20. "उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड" (UTTARAKHAND INVESTMENT AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD-UIIDB ) के गठन संबधी "उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना (विकास और विनियमन) विधेयक, 2023" के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। प्रदेश के बुनियादी ढांचागत विकास के क्षेत्र में निरन्तर परिवर्तित हो रहे परिदृश्य एवं विकास की नवीन आवश्यकताओं के उदय के कारण उत्तराखंड राज्य में आधारभूत ढांचे के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने हेतु और पी०पी०पी० परियोजनाओं को विकसित करने हेतु उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड को अध्यादेश के रूप में अधिसूचना विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग संख्या - 204 / XXXVI (3)/2023/24 (1) 2023 दिनांक 29 मई 2023 को प्रख्यापित किया गया है। उक्त अध्यादेश को अधिनियम के रूप में प्रख्यापित किये जाने के लिए विधानमण्डल के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु मा० मंत्रिमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया हैउक्त अध्यादेश / प्रस्तावित विधेयक में मुख्यतः निम्न प्राविधान हैं - उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड का गठन जो राज्य आधारभूत क्षेत्र में पी०पी०पी० एवं निजी क्षेत्रों के प्रचार व विकास हेतु एक शीर्ष निकाय होगा। राज्य सरकार रू 100 करोड़ की प्रारंभिक आधारभूत निधि के साथ एक निधि का गठन करेगी, जिसे उत्तराखण्ड निवेश और आधारित संरचना विकास निधि के रूप में जाना जायेगा, जो बोर्ड में निहित होगा। उक्त निधि का उपयोग बोर्ड द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं को रियायती ऋण प्रदान करना, समय-समय पर पहचान की गई प्राथमिकता वाली परियोजनाओं के विकास के लिए परिसंपत्तियों / भूमि खरीदना आदि कार्य हेतु किया जायेगा । उक्त विधेयक के प्राविधानों के अधीन "उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना नियामक प्राधिकरण का गठन किया जायेगा जो बोर्ड और रियायतग्राहियों / विकासकर्ताओं / परियोजनाओं के संचालकों और राज्य सरकार आदि के मध्य उत्पन्न विवादों के संबंध में अपीलीय अधिकरण के रूप में कार्य करेगा। बोर्ड ( UIIDB ) पी०पी०पी० और अन्य निवेश परियोजनाओ के चिन्हीकरण एवं उसकी प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए राज्य सरकार के सभी प्रयासों के समन्वय हेतु केन्द्रीय अभिकरण के रूप में कार्य करेगा।

21. "उत्तराखण्ड खेल विभाग (राजपत्रित) सेवा नियमावली 2023" के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। "पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत उत्तर प्रदेश खेलकूद निदेशालय (राजपत्रित) सेवा नियमावली, 1986 एवं उत्तर प्रदेश खेलकूद निदेशालय (राजपत्रित) सेवा नियमावली, 1988 (प्रथम संशोधन) की नियमावली, जो




आतिथि तक उत्तराखण्ड राज्य में प्रभावी/लागू है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य यथा-खेल विभाग की अपनी राजपत्रित सेवा नियमावली भी नहीं होने के दृष्टिगत तथा लोक सेवकों को कार्यकुशल एवं दक्ष बनाये रखने की सबसे बड़ी प्रेरणा उनकी पदोन्नति का होना है, जिससे कि उनके दायित्वों आदि में वृद्धि हो सके के क्रम में "उत्तराखण्ड खेल विभाग (राजपत्रित) सेवा नियमावली 2023" का प्रख्यापन किया जाना प्रस्तावित है।

22. उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत 'देवभूमि उद्यमिता योजना' के संचालन विषयक के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड एवं 'भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII ) अहमदाबाद के मध्य हुए समझौता ज्ञापन ( एम0ओ0यू0 ) के क्रम में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 'देवभूमि उद्यमिता योजना प्रारम्भ की जा रही है। योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानानुसार उत्तराखण्ड राज्य को आत्मनिर्भर और सशक्त राज्य के रूप में विकसित करने हेतु और युवाओं को उद्यमिता और कौशल से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनाना है। योजना में राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं हेतु बूट कैम्प पिचिंग इवेन्ट, सीड फणिं्डग, उच्च शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत प्राध्यापकों हेतु उद्यमिता मेन्टर प्रशिक्षण, सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स, राज्य में उद्यमिता विकास हेतु प्रोफाइल एण्ड अपचुनिटी मैपिंग, चयनित उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से प्रतिवर्ष 3000 युवाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण, उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता और कौशल हेतु अधिकारियों, प्राचार्यों एवं कुलपति गण का प्रशिक्षण, विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों हेतु उद्यमिता पाठ्यक्रम निर्माण आदि सम्मिलित है। 'देवभूमि उद्यमिता योजना संचालित किए जाने के सम्बन्ध में ₹711.95 लाख (₹ सात करोड़ ग्यारह लाख पिचानबे हजार मात्र) की कार्ययोजना तैयार की गई है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII ) 1983 में आईडीबीआई बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थापित एक अखिल भारतीय संस्थान है, जो उद्यमिता विकास, प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में कार्यरत है। देश भर में EDII के सात क्षेत्रीय कार्यालय एवं 22 परियोजना कार्यालय संचालित हैं। गवर्नर्स आईडीबीआई के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में इसके बोर्ड ऑफ में सचिव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार और प्रधान सचिव / एसीएस, उद्योग और खनन, गुजरात सरकार शामिल हैं। EDII भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय से उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह संस्थान शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण, राष्ट्रीय और अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में एक नेशनल रिसोर्स आर्गेनाइजेशन है। EDII को सामान्य (गैर-तकनीकी) श्रेणी में नवाचार उपलब्धियों (एआरआईआईए) - 2021 पर संस्थानों की अटल रैंकिंग द्वारा नंबर 1 के रूप में भी स्थान दिया गया है । EDII एक इन्क्यूबेशन सेंटर "क्रेडल संचालित करता है, जो स्वास्थ्य देखभाल, कृषि-प्रसंस्करण, विनिर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखता है। यह गुजरात सरकार की ओर से उद्यमिता में नोडल एजेंसी और एंकर संस्थान है।

23. वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2014-15 से वर्ष 2021-22 (स्थानीय लेखा परीक्षा एवं आन्तरिक लेखा परीक्षा) के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। उत्तराखण्ड राज्य में सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक निगमों, सरकारी कम्पनियों प्रतिष्ठानों, सांविधिक प्राधिकरणों, पंचायती राज संस्थाओं, नगरपालिकाओं / नगरीय स्थानीय निकायों, सरकारी समितियों की लेखा परीक्षा की व्यवस्था करने और उसको विनियमित करने के लिए उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम, 2012 अधिनियमित किया गया। उक्त अधिनियम की धारा 8 की उपधारा ( 3 ) में उल्लिखित किया गया है कि "निदेशक लेखा एक संहत लेखा परीक्षा रिपोर्ट तैयार करेगा या करायेगा और उसे राज्य विधान सभा के समक्ष रखे जाने के लिए राज्य सरकार को प्रतिवर्ष भेजगा ।" उक्त के अनुक्रम में वर्ष 2014-15 से वर्ष 2021-22 (स्थानीय लेखा परीक्षा एवं आन्तरिक लेखा परीक्षा) की लेखा परीक्षा रिपोर्ट लेखा परीक्षा, विभाग द्वारा तैयार किया गया है। उक्त वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों को राज्य विधान सभा के पटल पर रखा जाना है।

24. विभिन्न योजनाओं / परियोजनाओं के परीक्षण हेतु शासन स्तर पर गठित व्यय वित्त समिति की व्यवस्था में आंशिक संशोधन के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। विभिन्न विभागों के रू 10.00 करोड से अधिक लागत की योजनाओं / परियोजनाओं हेतु मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में व्यय वित्त समिति का अनुमोदन प्राप्त किये जाने की व्यवस्था है। व्यय वित्त समिति सम्बन्धी वित्त विभाग के कार्यालय शाप दिनांक 01.08. 2019 के प्रस्तर-2 I के अनुसार व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित योजनाओं / परियोजनाओं के ऐसे प्रस्ताव / आगणन, जिनकी लागत में यदि 50 प्रतिशत पुनरीक्षण होता है तो ऐसे प्रस्तावों को निर्धारित प्रक्रियानुसार व्यय वित्त समिति के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया जायेगा । वित्त विभाग के संज्ञान में आया है कि ऐसे बड़े निर्माण कार्य, जिनमें पूर्व में व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत के सापेक्ष अत्यधिक वृद्धि / पुनरीक्षण होता है किन्तु उक्त बढ़ी हुई लागत मूल लागत से 50 प्रतिशत से कम होती है तो कार्यदायी संस्थाओं / प्रशासकीय विभागों द्वारा उक्त पुनरीक्षित आगणन को व्यय वित्त समिति के अनुमोदनार्थ पुनः प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। उक्त विसंगति के निराकरण हेतु प्रस्तर-2 I को संशोधित करते हुए यह व्यवस्था की जानी प्रस्तावित है कि व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित योजनाओं / परियोजनाओं के ऐसे प्रस्ताव / आगणन, जिनकी लागत में यदि 50 प्रतिशत अथवा रु 10.00 करोड़ से अधिक, जो भी कम हो, पुनरीक्षण / वृद्धि होती हो तो ऐसे प्रस्तावों को निर्धारित प्रक्रियानुसार व्यय वित्त समिति के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया जायेगा

25. उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा ( प्रवक्ता संवर्ग) (पंचम संशोधन) सेवा नियमावली 2023 के प्रख्यापन के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय विषयगत नियमावली के अंतर्गत प्राक्ता जीव विज्ञान के पदों की शैक्षिक अर्हता में जन्तु विज्ञान के साथ एडवान्स जन्तु विज्ञान को भी सम्मिलित किये जाने हेतु अभ्यर्थियों द्वारा मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल में रिट याचिका संख्या-1415 /S.S / 2019 एवं 1416 /S.S / 2019 योजित की गयी जिसमें मा० न्यायालय द्वारा विषय विशेषज्ञों की त्रिस्तरीय समिति को प्रकरण का निस्तारण करने के निदेश दिये गये। उक्त के क्रम में त्रिस्तरीय समिति द्वारा एम०एस०सी० एडवांस जन्तु विज्ञान एवं एम०एस०सी० जन्तु विज्ञान के पाठ्यक्रम को 90 प्रतिशत समान होने की संस्तुति की गयी, जिसके क्रम में प्रस्तावित उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग) (पंचम संशोधन) सेवा नियमावली 2023 में एडवान्स जन्तु विज्ञान विषय को सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रशासनिक विभाग द्वारा पृथक से निर्गत किये जाएंगे ।

26. जनपद ऊधमसिंहनगर में स्थित पन्तनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु भूमि अधिग्रहण की अनुमति के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। जनपद उधमसिंहनगर में स्थित पन्तनगर एयरपोर्ट हवाई पट्टी के रनवे की लम्बाई को 1372 मीटर से बढ़ाकर 3000 मी0 तक विस्तारीकरण के लिए 804.0162 एकड़ अर्थात 325.5126 है0 भूमि की आवश्यकता के दृष्टिगत इस हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण कर नागरिक उड्डयन विभाग के नाम पर किये जाने की अनुमति एवं इस हेतु प्रतिपूर्ति की धनराशि के प्रस्तावों पर निर्णय लेने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति के गठन के सम्बन्ध में मा० मंत्रिमण्डल के द्वारा निर्णय लिया है।

27. नाबार्ड की आर.आई.डी.एफ. योजनान्तगत "कलस्टर आधारित छोटे पॉलीहाउस (Naturally Ventilated) में सब्जी एवं फूलो की खेती की योजना" के नवीन मानक एवं शर्तें निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। योजनान्तगत 50 वर्गमी0 आकार के 7500 पॉलीहाउस तथा 100 वर्गमी0 आकार के 13898 पालीहाउस (कुल 21398 पालीहाउस) स्थापित किये जाने का लक्ष्य है। योजना का क्षेत्रफल पूर्व स्वीकृत मानक के अनुसार 1764800 वर्गमी० तथा योजना की स्वीकृत लागत रू0 304.43 करोड़ ही है इस प्रकार योजना के क्षेत्रफल एवं लागत में कोई परिवर्तन प्रस्तावित नहीं है। इस योजनान्तर्गत पूर्व स्वीकृत मानक / शर्तों को अवक्रमित करते हुए नवीन मानक / विशिष्टियाँ / दरों एवं सब्जी / पुष्पों के दरों का निर्धारण किया गया है। योजनान्तर्गत कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। इसके अन्तर्गत राज्य के लगभग 01 लाख कृषकों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से स्वरोजगार आयवृद्धि, सामाजिक / आर्थिक स्थिति में सुधार तथा पर्वतीय क्षेत्रों से होने वाले पलायन में कमी आयेगी एवं सब्जियों में 15 प्रतिशत व फूलों में 25 प्रतिशत तक उत्पादन में वृद्धि होगी।

28. उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में नियुक्त होने वाले अध्यक्ष एवं सदस्यों की अर्हता, नियुक्ति की प्रक्रिया, पूर्व सेवा की प्रास्थिति के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। स्पष्ट प्राविधान नहीं होने के फलस्वरूप, परिलक्षित हो रही कठिनाईयों के निराकरण हेतु वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर सेवा की शर्तों को पुनर्निधारित किया जाना आवश्यक हो गया है। उप सचिव एवं अपर सचिव (विधि) का परिवर्तित पदनाम "विधि सलाहकार का उल्लेख किये जाने एवं कार्मिकों को अवकाश अनुमन्यता संबंधी अप्रासंगिक उपबन्ध को विलोपित किये जाने के संबंध में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की (सेवा शर्तों) के बारे में विनियम, 2004 में अग्रेत्तर संशोधन किये जाने हेतु "उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की सेवा शर्तों के बारे में (संशोधन) विनियम, 2023" के प्रख्यापन का निर्णय लिया गया है।

# Chandrayaan-3 की सफलता बड़े पर्दे पर दिखायेंगे मशहूर फिल्ममेकर !


न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अगस्त , देश चंद्रयान 3 की सफलता का जश्न मना रहा है। चंद्रयान 3 के लैंडर ने बुधवार शाम करीब 6:40 बजे चंद्रमा की धरती पर कदम रखा और इसके साथ ही भारत ने इतिहास रच दिया. इसरो की इस सफलता पर फिल्म निर्माता भी आगे आए हैं। मिशन मंगल फिल्म के निर्देशक जगन शक्ति ने कहा है कि वह चंद्रयान 3 की सफलता को बड़े पर्दे पर दिखाएंगे।

एक वेबसाइट से बात करते हुए जगन शक्ति ने कहा कि वह इस मौके को हाथ से नहीं जाने देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वह चंद्रयान 3 पर बनने वाली फिल्म में मिशन मंगल में काम करने वाली टीम को ही लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मिशन मंगल की टीम के साथ चंद्रयान 3 पर फिल्म बनाऊंगा। हालांकि, उन्होंने फिल्म में अक्षय कुमार के काम के बारे में कुछ भी साफ नहीं किया।







जगन शक्ति ने साल 2019 में देश के मंगल मिशन पर अक्षय कुमार, विद्या बालन, तापसी पन्नू, सोनाक्षी सिन्हा, कीर्ति कुल्हारी, नीति मेनन और शरमन जोशी जैसे सितारों को लेकर फिल्म मिशन मंगल बनाई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद सफल रही और इसने दुनिया भर में लगभग 290 करोड़ रुपये का कारोबार किया। पिछली फिल्म का अनुभव कहें या चंद्रयान 3 का क्रेज, जगन शक्ति इस बड़ी घटना पर फिल्म बनाने से नहीं चूकना चाहते।

## एसएमजेएन पीजी कॉलेज में हुआ जश्ने-चन्द्रयान-3 कार्यक्रम आयोजित

हरिद्वार। चन्द्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता पर एसएमजेएन पीजी कॉलेज में जश्ने-चन्द्रयान-3 कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि यह सफलता भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में क्षमता और शक्ति का प्रमाण है। अतरिक्ष में भारत की उपलब्धि अब अभूतपूर्व ऊंचाईयों को छू चुकी है।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने अपनी मेहनत और ज्ञान के बल पर समस्त देशवासियों का मस्तक पूरे विश्व में ऊंचा कर दिया है। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. जगदीश चन्द्र आर्य ने कहा कि चन्द्रयान-3 की सफलता के बाद देशभर में खुशी की लहर है, देश और इसरो के वैज्ञानिकों ने इतिहास रच दिया है।

इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं में नैंसी, महक, अंजली, अपराजिता, मेहताब आलम, इर्शिका, कुणाल धवन द्वारा गीत व कविता प्रस्तुत की गयी। अंजली गोत्रा को राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित होने पर, साक्षी राणा को दून विश्वविद्यालय में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर प्रथम स्थान प्राप्त करने तथा अपराजिता को 75 कविताओं का काव्य संग्रह की रचना करने के लिए प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. मन मोहन गुप्ता, विनय थपलियाल, डॉ. नलिनी जैन, डॉ. सुषमा नयाल, संदीप रावत, रविन्द्र सिंह, रिंकल गोयल, डॉ. शिव कुमार चैहान, डॉ. मनोज कुमार सोही, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. लता शर्मा, डॉ. मोना शर्मा, डॉ.आशा शर्मा, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. पल्लवी आदि मौजूद थे।

## टोली बनाकर नए वोटरों को चिन्हित करें भाजपाई

हरिद्वार। भाजपा ने रानीपुर विधानसभा क्षेत्र में तीनों मंडलों का संयुक्त वोटर चेतना महाभियान शुरू किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने कार्यकर्ताओं को टोली बनाकर क्षेत्र में नए मतदाताओं को चिन्हित करके को कहा। जो नए वोट नहीं बन पाए हैं और उनके नए वोट बनाने के लिए बीएलओ और विभागीय अधिकारियों से संपर्क बनाकर उनके नए वोट बनवाने पर जोर दिया। साथ ही भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को क्षेत्रवासियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा ने नवमतदाओं को वोटर लिस्ट में शामिल करवाने के लिए कहा। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनामिका शर्मा, कार्यक्रम संयोजक वरुण वशिष्ठ, चौक बाजार मंडल के अध्यक्ष मोहित शर्मा, शिवालिक नगर के मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, बहादराबाद मंडल के अध्यक्ष नागेंद्र राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिनंदन गुप्ता, जिले के मोहित वर्मा, रजनी वर्मा, मनोज शर्मा, शीतल पुंडीर, मन्नू रावत, अभिनव चौहान, अंकुर पालीवाल, भगत सिंह, अश्वनी कुमार, विनय तिवारी, गगन उपाध्याय, सचिन सैनी आदि शामिल रहे।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर छात्र संघ ने राष्ट्रपति और पीएम को खून से पत्र लिखा

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में बिड़ला परिसर गेट पर पिछले तीन दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे छात्र संघ पदाधिकारियों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को खून से लिखा पत्र भेजा। इस दौरान छात्र संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सीयूईटी के कारण उत्तराखंड के छात्रों को केंद्रीय विवि में प्रवेश सबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सीयूईटी में उत्तराखंड के छात्रों को एनआईटी की तर्ज पर 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने या सीयूईटी को रद्द किए जाने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी, उपाध्यक्ष रोबिन असवाल, सचिव सम्राट राणा व छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान ने कहा कि विवि प्रशासन छात्र हित की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। जिसके कारण छात्रों को धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। दूसरी ओर विवि के प्रशासनिक भवन गेट पर दूसरे दिन भी धरने पर बैठे जय हो छात्र संगठन के कार्यकर्ता कैवल्य जखमोला, सुधांशु थपलियाल,पुनीत अग्रवाल, वीरेंद्र बिष्ट, सौरभ रावत, मयंक बिष्ट, नरेंद्र रावत, दीपक टम्टा ने कहा कि उत्तराखंड के छात्रों को प्रवेश में 50 प्रतिशत आरक्षण, रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश एवं पीजी छात्रों को 5 प्रतिशत कैंपस वेटेज की मांग जब तक पूरी नहीं हो जाती है उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मांगों की उपेक्षा करना विवि प्रशासन को भारी पड़ेगा। मौके पर अमन जग्गी, कौशल, गोलू, रितिक, नीरज, राहुल ममगाईं, कुलदीप असवाल, रोहित, अरविंद, हिमांशु, आशीष, अनामिका, तानिया, अस्मिता, इशिता, भानु, रक्षित, आलोक, निकिता, काव्या, दीपक, अमित रतूड़ी, अक्षांश, सक्षमआदि मौजूद रहे।

## जेईई एडवांस की परीक्षा पास की

श्रीनगर गढ़वाल। रेनबो पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने एनटीए की ओर से आयोजित जेईई एडवांस और दो छात्रों ने नीट की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही पास की है। छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार और परिजनों ने खुशी जाहिर की है। रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास की प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल ने बताया कि नेशलन टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित जेईई एडवांस परीक्षा में अनुराग सेमवाल का आईआईटी पटना, मीत राणा का आईआईटी तिरुपति और मृदुल पटवाल का आईआईटी मद्रास में चयन हुआ है। वही स्कूल की छात्रा तोषिता घिल्डियाल और आयुष नेगी ने मेडिकल परीक्षा (नीट) में अच्छे अंक प्राप्त करते हुए मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### खाई बाड़ी कर रहा युवक गिरफ्तार

रुडकी। कलियर थाना प्रभारी जहांगीर अली ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि मेला ग्राउंड के पास एक युवक सट्टे की खाई बाड़ी कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंकर युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1530 रुपये नगद, सट्टा पर्ची बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम जाकिर निवासी भीमनगर उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्कूल से मिड डे मील के चावल चुराए

रुडकी। राजकीय जूनियर हाईस्कूल मोहम्मदपुर बुजुर्ग के प्रधान अध्यापक हरपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि स्कूल के एक कमरे में बच्चों के मिड डे मील का अनाज व अन्य सामान रखा रहता है। आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने स्कूल गेट का ताला तोडकर भीतर रखे मीड डे मील के करीब डेढ़ कुंतल चावल चुरा लिए। स्कूल खुलने पर चोरी का पता चला तो उन्होंने खोजबीन की। इस दौरान मीड डे मील के गांव की एक आटा चक्की पर रखे मिले। पूछने पर चक्की मालिक ने बताया कि गांव के लोग उसे चावल बेचकर गए हैं। पुलिस तहरीर पर जांच कर रही है।

### जलभराव से निजात दिलाने को सौंपा ज्ञापन

रुडकी। भारतीय जनता पार्टी के लंढौरा मंडल अध्यक्ष रवि राणा के नेतृत्व में ढडेरा क्षेत्र के लोगों ने गुरुवार को हरिद्वार रुडकी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल सिंह से मुलाकात की। इस दौरान मिलाप नगर में हो रहे जलभराव से निजात दिलाने के लिए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया। रवि राणा के अनुसार उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने उनकी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और जलभराव के कारण और संभावित निराकरण के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्दी ही विस्तृत प्लान बनाकर इसका समाधान कराया जाएगा।

### मुआवजे के नाम पर किसानों से मजाक बर्दाश्त नहीं: टिकैत

रुडकी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि फसलों के नुकसान के मुआवजे के नाम पर किसानों के साथ मजाक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि अगर सरकार ने किसानों की उपेक्षा बंद नहीं की तो बड़ा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने सभी किसानों से एकजुट होकर अपनी मांगों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। राकेश टिकैत ने गुरुवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर भारतीय किसान यूनियन की ओर से आयोजित महापंचायत को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। पंचायत में जिले भर से बड़ी संख्या में किसान शामिल होने पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस बार बरसात में किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। सारी फसलें खराब हो गई हैं। उन्होंने किसानों का मुआवजा बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रति बीघा करने, बिजली के बिल और अन्य कर्ज माफ करने सहित किसान यूनियन की सभी मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि रुडकी में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय पर जो धरना किसान यूनियन द्वारा करीब सवा महीने से दिया जा रहा है उसे अभी खत्म नहीं किया जाएगा। प्रशासन को उन्होंने सलाह दी की एक कमेटी बनाकर मुख्यमंत्री से भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों की बात कराएं।

### शहीद शिवराम को श्रद्धांजलि अर्पित की

रुडकी। मानवाधिकार संगठन ब्यूरो उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार जैन ने क्रांतिकारी शहीद शिवराम हरि राजगुरु के 115वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल वर्मा, मदन श्रीवास्तव,पूर्व तहसीलदार सतबीर सिंह राणा,अशोक कुमार एडवोकेट, पंकज जैन, केशव प्रसाद शर्मा,अनुज आत्रेय, सचिन गोंड़वाल,नरेश कुमार नागियांन, राजेश वर्मा ,सुधीर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

रुडकी। चुडियाला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव जीआरपी के सपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर रेलवे स्टेशन पर रेल गाड़ी की चपेट में आने से 36 वर्षीय अजय कुमार निवासी चुडियाला की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीआरपी पुलिस के सपुर्द कर दिया ।

# दरिद्रता की निशानी है ये बड़ी गलतियां, तुरंत सुधार लें

न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अगस्त , वास्तुशास्त्र हर किसी के जीवन में अहम भूमिका अदा करता है इसमें व्यक्ति के जीवन से जुड़ी हर एक चीज को लेकर नियम और तरीके बताए गए हैं जिनका पालन करने से लाभ मिलता हैं मगर इनकी अनदेखी परेशानियां बढ़ा सकती हैं। वास्तुशास्त्र और ज्योतिष अनुसार घर की कुछ चीजों को भूलकर भी खाली नहीं रखना चाहिए वरना माता लक्ष्मी नाराज़ हो जाती हैं और परिवार को दरिद्रता का सामना भी करना पड़ सकता हैं तो आइए जानते हैं कि वो कौन सी चीजें हैं।

इन चीजों को न रखें खाली —

वास्तुशास्त्र के अनुसार पूजन स्थल पर रखा जाने वाला कलश कभी खाली नहीं रखना चाहिए ऐसा करना अशुभ माना जाता हैं कहते हैं कि इससे घर की सुख समृद्धि बाधित होती हैं ऐसे में भगवान के समक्षा रखे कलश को हमेशा ही गंगाजल या फिर शुद्ध जल से भर कर ही रखें। इसके अलावा तिजोरी को भी कभी खाली नहीं रखना चाहिए अगर धन और आभूषण न हो तो आप एक लाल रंग के वस्त्र में कौड़ी, गोमती चक्र और हल्दी की गांठ को बांधकर रख सकते हैं तिजोरी को पूरी तरह से खाली करने से दरिद्रता आती हैं।




साभार - सो.मी.

बाथरूम से रसोई तक तुरंत करें सुधार

बाथरूम में कभी भी बाल्टी को खाली नहीं रखना चाहिए ऐसा करने से वास्तुदोष पैदा होता है साथ ही ये गलती आर्थिक तंगी का भी कारण बनती हैं ऐसे में बाल्टी को हमेशा ही पानी से भरकर रखना चाहिए। वास्तु कहता है कि रसोई में ऐसे पात्रों को कभी खाली नहीं रखना चाहिए जिनमें आप आटा, चावल, नमक और हल्दी रखते हैं इन्हें खाली रखने से माता लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं ऐसे में इन्हें हमेशा भरा ही रखना चाहिए। पर्स को भी खाली नहीं रखना चाहिए इसमें आप चाहे तो एक का सिक्का रख सकते हैं पूरा खाली पर्स दरिद्रता बढ़ता हैं।

# मुख्यमंत्री जी मेरी आवाज़ सुनो, मोदी प्रशंसक-धामी समर्थक बुज़ुर्ग एल.एम.शर्मा की है ये फरियाद

- **दर्द : एक बेचारा देहरादून सिस्टम का मारा,न डीएम सोनिका की सुनी, न सीएम हेल्पलाइन काम आई.?**
- **आरोप : बीस वर्ष से सोता रहा संबंधित विभाग, बिना सत्यापन बीस वर्ष तक  हो जाता रहा शस्त्र अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण.?**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,24 अगस्त। ज़िला शस्त्र अनुज्ञप्ति विभाग की अजीब स्थिति देखने को मिली। दूसरे प्रदेश से जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति बिना सत्यापन नवीनीकरण की जाती रही। विभाग को नहीं पता था अनुज्ञप्ति वास्तव में दूसरे प्रदेश से जारी हुई भी अथवा नहीं। ऐसे में यदि अनुज्ञप्ति फ़र्ज़ी त्यार की हुई होती तो कौन ज़िम्मेदार होता। मामला तब प्रकाश में आया जब देहरादून निवासी एक व्यक्ति श्री ललित मोहन शर्मा  ने अनुज्ञप्ति के रिन्यूअल के साथ अपना शस्त्र बदलने की अनुमति माँगी तब विभाग ने अनुज्ञप्ति का रिन्यूअल तो कर दिया किंतु सत्यापन और अनुमति की कार्यवाही नहीं की गई। मामला ज़िलाधिकरी महोदया के संज्ञान  में लाया गया तो संबंधित शस्त्र लिपिक ने जारीकर्ता ज़िला कार्यालय द्वारा सत्यापन न भेजने के कारण अनुज्ञप्ति को देहरादून में पंजीकृत न होना कारण बताया गया। जब ज़िलाधिकारी द्वारा क्रत कार्यवाही के विषय में दिनांक ११.०१.२ को जानकारी माँगी गई तो बताया गया कि ज़िलाधिकारी अलीगढ़  को पत्र लिखा जा चुका है लेकिन वहाँ से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन के वरिष्ठ नागरिक होने के कारण ज़िलाधिकारी ने शस्त्र लिपिक को व्यक्तिगत रूप से फ़ोन करने और शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिये। तब जाकर विभाग की नींद टूटी ओर आवेदन से एक फॉर्म भरवाकर अलीगढ़ ज़िलाधिकारी को पत्र लिखा गया। इसके बाद भी विभाग की अकर्मण्यता कम नहीं हुई और उसने पत्र लिखने और पुलिस रिपोर्ट के लिए लिखने के अलावा कोई पर्यास नहीं किया। आवेदन को स्वयं सत्यापन मंगाने और पुलिस रिपोर्ट दोबारा लाने के लिए कहा गया। ज्ञात हो कि नवीनीकरण के समय मूल प्रार्थना पत्र पर पहले भी पुलिस की रिपोर्ट ली जा चुकी थी। आवेदन कभी पुलिस तो कभी अलीगढ़ कार्यालय से संपर्क करते परेशान होता  रहा और अंततः कई महीनों के अथक पर्यास के बाद कार्यवाही पूरी हुई। अब बारी थी देहरादून शस्त्र कार्यालय द्वारा फिर से आवेदन का शोषण करने की। विभिन्न बहाने बनाकर आवेदक को कार्यालय के चक्कर कटवाए गये । विवश होकर आवेदन ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन में दिनांक १६.०७.२ को शिकायत दर्ज करा दी। यहाँ पर भी सरकारी लीपा पोति ने पीछा नहीं छोड़ा और शिकायत बार बार ग़लत सूचना देकर बंद की जाती रही। शिकायत निवारण कर्ता भी लीपा पोती करते नज़र आये।शिकायत को अंततः लेवल 3 को अग्रसरित करने पर आवेदन से शुल्क जमा करवा कर अनुज्ञप्ति का पंजीकरण कर उसकी प्रति दिनांक २४.०८.२ को आवेदन को दी गई। जब आवेदन ने अपने मूल प्रार्थना पत्र का पूर्ण निस्तारण करने की बात कही गई तो पुनः पुलिस का अनापत्ति प्रमाण पत्र लाने के लिये निर्देशित कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक आवेदक पुलिस रिपोर्ट प्राप्त करने के पर्यास में लगा है। पिछले छह वर्ष से उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो सहनशीलता की नीति का जोड़ शोर से प्रचार होता रहा है। सरकार भरसक पर्यास कर रही हो, प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री जनता को सुविधा सुलभ करने के लिए लगातार संदेश दे रहे हों लेकिन क्रमचारियों कि लेटलतीफ़ी और सुविधा शुल्क का लालच कम होता दिखायी नहीं देता । यह स्थिति तब ही जब आवेदन और पीड़ित एक रिटायर्ड अधिकारी, पत्रकार ओर भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सम्मानित कार्यकर्ता है। आम नागरिक की क्या स्थिति होगी इसका अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है। यदि मुख्यमंत्री स्तर पर मामला पहुँचने पर भी बेशर्मी के साथ लेट लतीफ़ी हो तो कर्तव्य हीनता की इससे बड़ी पराकाष्ठा क्या हो सकती है ? अब मामला मुख्य मंत्री हेल्पलाइन को संदर्भित होने के कारण देर सवेर निपट तो जाएगा लेकिन क्या दोषी क्रमचारी के विरुद्ध की कार्यवाही होगी ? प्रदेश के यशस्वी , युवा मुख्यमंत्री के कुशल प्रशासन के सभी प्रयत्न ऐसे क्रमचारी धूमिल करने से कब बाज आयेंगे?

## शास्त्रों के अनुसार रक्षा बंधन 30 को : श्रीगंगा सभा

हरिद्वार। श्रीगंगा सभा ने रक्षा बंधन पर्व को शास्त्रों के अनुसार 30 अगस्त को मनाने का दावा किया है। गुरुवार को श्रीगंगा सभा की पहल पर पंडितों और ज्योतिषजनों की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में रक्षा बंधन की सही तिथि खोजने के लिए विद्वानों और ज्योतिषाचार्यों ने करीब 20 ग्रंथों का अवलोकन किया। अवलोकन के बाद चर्चा कर निष्कर्ष निकला कि रक्षा बंधन का पर्व 30 अगस्त को ही मनाया जाए। गुरुवार को श्रीगंगा सभा के हरकी पैड़ी स्थित कार्यालय में पंडितों, ज्योतिषाचार्यों और श्रीगंगा सभा विद्वत परिषद के साथ बैठक में कई धार्मिक एवं ज्योतिषीय ग्रंथों का अवलोकन और अध्ययन के बाद तार्किक रूप से तिथि का विश्लेषण किया गया। शास्त्रों में वर्णित प्रावधान के अनुसार रक्षाबंधन भद्रा नक्षत्र रहित समय रात्रि नौ बजकर दो मिनट के बाद मनाई जाएगी। जबकि श्रावणी उपाकर्म भी उसी दिन सुबह 11 बजे के बाद दिन में किया जा सकता है। बैठक में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिषाचार्य पं. शैलेष कुमार तिवारी ने धर्म सिंधु, निर्णय सिंधु सहित करीब 20 धर्म शास्त्रों, ग्रंथों में दो दिन पडने वाले तिथियों को लेकर वर्णित निर्णय का अवलोकन करते हुए सभी विद्वानों के समक्ष अवलोकन के लिए रखा। बैठक में श्रीगंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, श्रीगंगा सभा विद्वत परिषद सचिव आचार्य करूणेश मिश्रा, समाज कल्याण मंत्री विकास प्रधान, प्रचार सचिव शैलेष मोहन, पं.आशीष अल्हड़, पं.संदीप शास्त्री आदि विद्वानों ने अपने मत रखे।

## संक्षिप्त खबरें

### बेटे ने स्वतंत्रता सेनानी की समाधि से उखाड़े पेड़, केस दर्ज

रुडकी। लक्सरी गांव निवासी स्वतंत्रता सेनानी रतन सिंह और उनकी पत्नी लीलावती की समाधि पर लगाए गए पेड़ उन्हीं के एक बेटे ने उखाडक़र फेंक दिए। 15 अगस्त को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नगर पालिका प्रशासन ने ये पेड़ रोपे थे। पुलिस नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। नगर के वार्ड पांच लक्सरी निवासी रतन सिंह व उनकी पत्नी लीलावती स्वतंत्रता सेनानी थे। वर्ष 1947 से पहले पति, पत्नी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की थी और दोनों कई बार जेल भी गए। दोनों का स्वर्गवास हो चुका है। गांव के पास दोनों की समाधि बनी है। 15 अगस्त को केंद्र सरकार के अभियान मेरी माटी, मेरा देश के तहत लक्सर नगरपालिका अध्यक्ष अंबरीष गर्ग और ईओ चंद्रशेखर शर्मा ने समाधि पर पेड़ रोपे थे। आरोप है कि रतन सिंह के बेटे रामपाल ने ये पेड़ उखाडक़र फेंक दिए। परिवार के यशपाल ने इसकी तहरीर दी है। पुलिस रामपाल पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

### मंदिर के पुजारी की उन्नाव में हत्या

रुडकी। एक मंदिर के पुजारी की उन्नाव ले जाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। उन्नाव पुलिस पुजारी के परिजनों को साथ लेकर उन्नाव गई है।

लंढौरा के मोहल्ला किला निवासी 52 वर्षीय प्रमोद मंगलौर मार्ग स्थित काली मंदिर पर रह कर पुजारी का कार्य करते थे। करीब छह दिन पहले पुजारी मंदिर से संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गए थे। परिजनों का कहना है कि कुछ लोग उन्हें अपने साथ ले जाते थे। इस बार भी उन्हें ये लगा कि कोई साथ लेकर गया होगा। वार्ड नंबर तीन के सभासद राजेश वालिया ने बताया कि गुरुवार सुबह यूपी के जिला उन्नाव की पुलिस पुजारी के घर पहुंची।

### मंगलौर विधायक ने किया राकेश टिकैत का स्वागत

रुडकी। भाकियू के राष्ट्रीय नेता चौधरी राकेश टिकैत के काफिले को हाईवे पर रोककर विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी व उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक ने किसान नेता को आश्वासन दिया कि किसानों के अधिकारों की लड़ाई में वह उनके साथ हैं। विधायक हाजी सरवत करीब अंसारी ने कहा कि वह स्वयं भी एक किसान हैं तथा किसानों के दर्द को बेहतर ढंग से समझते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन को हर प्रकार से समर्थन दिया जाएगा। किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत ने विधायक अंसारी का आभार जताया। कहा कि जनप्रतिनिधि किसानों, मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ दें तथा उनकी आवाज को सदन में बुलंद करें। किसान नेता के काफिले के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया। इस अवसर पर यूनियन के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी, जिला अध्यक्ष विजय कुमार शास्त्री, बसपा नेता हाजी तहसीन अंसारी, एहसान अहमद, काजी खालिद काजमी, उबैदुर रहमान मोंटी, मुन्ना चौधरी, भूरा, मुमताज अंसारी, जमील अहमद आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध मास के साथ एक युवक गिरफ्तार

रुडकी। पुलिस ने 200 किलो संदिग्ध मांस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश शुरू कर दी है। खेड़ी शिकोहपुर गांव से पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग संदिग्ध मांस लेकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करते गाड़ी में भरा 200 किलो संदिग्ध मांस व काटने के उपकरणों के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया। उसका एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने थाने लाकर मांस को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि मांस के साथ पकड़े गए रहमान निवासी चिलकाना थाना चिलकाना जिला सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया।

### चोरी के सामान सहित दो गिरफ्तार

रुडक़ी। साइबर कैफे में हुई चोरी के मामले में गंगनहर कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के सामान बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि नंद विहार कॉलोनी गंगनहर निवासी विक्रांत ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस टीम द्वारा पॉलिटेक्निक हॉस्टल ग्राउंड तिराहा से आरोपी देवीलाल निवासी सुनहरा गंगनहर और रोहित निवासी नई बस्ती श्याम नगर गंगनहर को चोरी के सामान के साथ दबोचा। गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर मनीष उपाध्याय ने बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स ने जीता जनता का दिल, खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार की कार्यशैली का परिणाम, मिला दूसरा स्थान







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 24 अगस्त। फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स ने प्रशिक्षण, परीक्षण और जागरूकता अभियान में हासिल किया दूसरा स्थान, खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने दी बधाईउत्तराखंड में खाद्य सुरक्षा विभाग ने अपने गठन के बाद से खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता को लेकर सराहनीय कार्य किये हैं। यही वजह है कि आज आम जनमानस के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की विश्वसनीयता लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स पहल ने प्रशिक्षण, परीक्षण और जागरूकता अभियान सहित रिकॉर्ड संख्या में गतिविधियों के संचालन में दूसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने की दिशा में पहल की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने इस उपलब्धि के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स पहल को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह कहते हुए खुशी हो रही है कि फ़ूड सेफ्टी ऑन व्हील्स कार्यक्रम खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में एक प्रेरक शक्ति रहा है। खाद्य उद्योग प्रथाओं और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने को लेकर जागरूकता पैदा करने का काम कर रहा है। जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। पहल की यह उपलब्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति समर्पण को लेकर उनके अथक प्रयासों को दर्शाती हैं।खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा एवं विभिन्न पर्यटन स्थलों पर फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स का कार्य सराहनीय रहा है।

इसके साथ ही मुख्यालय स्तर पर गठित प्रवर्तन टीम द्वारा मिलावटखोरी रोकने को समय-समय पर सराहनीय कार्य किया गया है। गौरतलब है कि है कि उत्तराखंड ने दो अतिरिक्त फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स इकाइयों की शुरुआत करके खाद्य सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह विस्तार पूरे क्षेत्र में और भी अधिक कवरेज और आउटरीच सक्षम करेगा। जिससे यह सुनिश्चित होगा कि व्यापक आबादी पहल की सेवाओं से लाभान्वित हो सके। चारधाम यात्रा के दौरान फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स इकाइयों की तैनाती और श्रावण मेला कार्यक्रम के लचीलेपन और अनुकूलनशीलता को प्रदर्शित करता है। बड़े पैमाने पर खानपान करके सामूहिक समारोहों में पहल यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है कि खाद्य सुरक्षा चुनौतीपूर्ण और गतिशील वातावरण में भी प्राथमिकता शीर्ष पर बनी रहे।

## संपादकीय



### चांद पर 'प्रथम' भारत

वाह! कितने खूबसूरत और ऐतिहासिक लम्हे हैं ये!! अभूतपूर्व, अकल्पनीय, अनूठी, अप्रत्याशित और अविस्मरणीय उपलब्धि है कि भारत चांद पर पहुंच चुका है। अपने ही अनुसंधान और प्रयोगों के बल पर आज भारत चांद के उस हिस्से पर मौजूद है, जहां कोई भी देश पहुंच नहीं सका। 'चंद्रयान-3' बेहद सफल मिशन रहा है, क्योंकि उसके 'विक्रम लैंडर' ने चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सफल लैंडिंग की है और अब 'प्रज्ञान रोवर' भी बाहर आकर, चांद के आंगन में ही, घुमक्कड़ी कर रहा है। भारत और इसरो ने ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, क्योंकि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला प्रथम मिशन 'भारतीय' है। आज अमरीका, रूस, चीन और यूरोपीय देशों की आंखें फैल गई होंगी, क्योंकि भारत के ऐसे सामर्थ्य की कल्पना तक उन्होंने नहीं की थी। वे हमारी वैज्ञानिकता और मिशनों का उपहास उड़ाया करते थे। सिर्फ तीन दिन पहले ही रूस का 'लूना-25' मिशन दक्षिणी ध्रुव पर उतरने में नाकाम रहा और वह विनष्ट हो गया। अंतरिक्ष और चांद को खंगालने में सोवियत संघ (रूस) के मिशन सर्वप्रथम और अतुलनीय रहे हैं, लेकिन आज वह भी भारत से पिछड़ गया। भारत और इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों ने वह उपलब्धि हासिल की है, जो अनन्य है। आज चांद तो क्या, आसमान भी हमारे लिए आंगन महसूस हो रहा है। वह असीम और अनंत नहीं रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही टिप्पणी की है कि अब चंदा मामा दूर के नहीं रहे, बल्कि वह टूर के हो गए हैं। यानी ऐसे दिन भी आने वाले हैं, जब लोगों के टूर चांद पर जाया करेंगे! इस चंद्रविजय के बाद कहानियों के तमाम पुराने मिथक और कथानक बदल जाएंगे। नए भारत की नई पीढ़ी नई कहावतें पढ़ेगी। हम चांद को सपनों, कल्पनाओं और रूपक-उपमाओं में ही जीते थे अथवा मां थाली में पानी डाल कर, उसमें चांद की परछाईं दिखा कर, हमें दुलारती थी कि चंदा मामा यहां हैं। वाकई मानवीय प्रयोग, वैज्ञानिक अनुसंधान और इंजीनियरिंग के कौशल ने साबित कर दिया है कि आज भारत चांद पर है। चांद की सतह पर हमारा 'अशोक चक्र' और इसरो का प्रतीक चिह्न छाप दिया गया है। ये भारत की ऐतिहासिक विजय के साक्ष्य हैं। बधाइयों और शुभकामनाओं के अंबार लगे हैं। अब नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों ने भारत के इसरो के साथ काम करने, मिशन भेजने की इच्छाएं व्यक्त की हैं, पेशकश दी हैं, यकीनन हम विचार करेंगे। शाबाश!! इसरो के वैज्ञानिको! कर्मचारियो!! आपने संकल्प जमीन पर लिया और चांद पर उसे साकार किया। प्रधानमंत्री ने भी चंद्रविजय पर ऐसे ही भाव व्यक्त किए हैं। वह 26 अगस्त को बेंगलुरु जाकर इसरो के दफ्तर में सभी विजेताओं से रूबरू होंगे। बहरहाल हमने टीवी पर लैंडर की लैंडिंग का सीधा प्रसारण देखा था। लैंडर ने 20 फीसदी, फिर आधा सफर, फिर 50 फीसदी और उसके बाद 80 फीसदी यात्रा सफलता से तय की, तो धडक़नें तेज होने लगीं। लैंडर और चांद की सतह के बीच की दूरी सिमटने लगी, तो आंखें पनिया गईं। अचानक तालियां की गूंज सुनाई दी, 'जय हो' के उद्घोष गूंजने लगे, तो खुशी से उछल पड़े। देश की प्रतिक्रिया भी यही होगी, क्योंकि एक असंभव-सा लक्ष्य हासिल कर लिया गया था। यह ऐतिहासिक, वैज्ञानिक उपलब्धि यहीं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अंतरिक्ष के आयाम बदलेंगे। दुनिया को एक निश्चित रास्ता मिलेगा कि चांद कहां और कैसा है? वहां तक पहुंचना कैसे संभव है? दरअसल हमारा सुझाव है कि 15 अगस्त और 26 जनवरी की तरह 23 अगस्त को भी 'राष्ट्रीय दिवस एवं पर्व' घोषित किया जाए, क्योंकि यह मिशन भी भारत की संप्रभुता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। चांद पर हीलियम-3 ज्यादा मात्रा में उपलब्ध है। परमाणु कार्यक्रम के लिए यह अहम माना जाता है। यह ऊर्जा का स्वच्छ स्रोत भी है। चांद की चट्टानों पर सल्फर मिलने के संकेत हैं। मूल्यवान धातु प्लेटिनम, प्लाडियम, मैगनीशियम और सिलिकॉन भी प्रचुर मात्रा में बताई जा रही हैं। अब लैंडर और रोवर चांद की स्थितियों का अध्ययन करेंगे। वहां की भूकंपीय हलचलों और तापमान का भी अध्ययन किया जाएगा और वे तमाम सूचनाएं इसरो तक पहुंचाई जाएंगी। चांद पर पानी के अन्य स्रोत भी पता चलेंगे और अंततः वहां इनसानी जिंदगी की संभावनाओं के भी आयाम खुलेंगे। बहरहाल यह तो शुरुआत भर है। अभी तो इसरो को सूर्य और शुक्र पर भी जाना है। आशा की जानी चाहिए कि भारत सूर्य और शुक्र पर भी तिरंगा फहराएगा।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## डीएम ने कॉम्पेक्टर से कूड़ा हरिद्वार ले जाने के निर्देश दिये

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक कर ग्राम पंचायतों के लिये उपलब्ध कराये गये कूड़ा निस्तारण वाहनों के संचालन, रूट चार्ट बनाने, वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाने के साथ वाहनों को ट्रेक करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। डीएम ने ग्राम पंचायतों प्लास्टिक कूड़े को रोड हेड तक लाने, रोड हेड से नगर पंचायत और नगरपालिका के कॉम्पेक्टर वाहन की मद्द से हरिद्वार पहुंचाने के बीडीओ और नगरपालिका, नगर पंचायत के ईओ को निर्देश दिये। साथ ही गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग स्थानों पर रखने के लिये ग्रामीणों को जागरूक करने को कहा है। डीएम ने मौसम की अपडेट लेते हुये सभी अधिकारियों को अधिक समय फिल्ड में तैनात रहकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। डीपीआरओ एमएम खान ने बताया कि ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक कूड़ा निस्तारण हेतु 4 हजार 246 डस्टबिन लगाये गये हैं,जिनसे कूड़ा ग्राम पंचायतों द्वारा रोड़ हेड तक लाया जायेगा। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार,आईएएस आसीमा गोयल, डीडीओ सुनील कुमार, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, एएमए जिला पंचायत संजय खंडूरी, एडीआईओ भजनी भंडारी आदि मौजूद थे।

## चंबा में भूस्खलन वाली जगह का ट्रीटमेंट हो

नई टिहरी। चंबा थाने के पास हुये भारी भूस्खलन वाली जगह पर अभी भी खतरा बना हुआ है, इसी संबंध में चंबा पालिकाध्यक्ष सुमन रमोला के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल ने डीएम से मिलकर उक्त स्थान का ट्रीटमेंट करने की मांग की है। उन्होंने कहा पहाड़ी से कभी भी और मलबा आ सकता है। गुरुवार को चंबा नगर पालिकाध्यक्ष सुमना रमोला के नेतृत्व में चंबा का एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को पत्र सौंपकर चंबा थाने के पास वाली पहाड़ी का ट्रीटमेंट करने की मांग की है। बीते सोमवार को चंबा थाने के पास पहाड़ी से हुये भूस्खलन में चार लागों सहित एक चार माह के बच्चे की मलबे में दबने से मौत हो गई थ,तथा कही वाहन मलबे में दब गये थे। चंबा पालिकाध्यक्ष ने बताया कि अभी उक्त स्थान खतरा बना हुआ है, जिसका ट्रीटमेंट किया जाना अति आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीनगर में विद्यार्थी परिषद ने किया यज्ञ

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के कुलपति सचिवालय गेट पर पिछले चार दिनों से तीन सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को यज्ञ किया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं आता है तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विवि प्रशासन की रहेगी। धरना प्रदर्शन के चौथे दिन एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर ही विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ करते हुए कहा कि लंबे समय से विवि की कुलपति से सीयूईटी के माध्यम से होने वाले प्रवेश में उत्तराखंड के छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण, रिक्त सीटों पर मेरिट के तहत प्रवेश दिए जाने व पीजी कक्षाओं में कैंपस के छात्रों को 5 प्रतिशत वेटेज देने की मांग की जा रही है। बावजूद मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा रहा है। कहा जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती है तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर एबीवीपी के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य संदीप राणा, विभाग संगठन मंत्री शाश्वत खंडूड़ी, जिला संयोजक अमन पंत, जसवंत राणा, दीपक चौधरी, दीपांशु मलवाल, अनुष्का,गीता गडिया, आरती,दीक्षा महिपाल बिष्ट,आयुष कंडारी,हितैष, राहुल पंवार,अभिषेक,शेखर रावत, तुषार शाह, विवेक, कुलदीप, अमित, शुभम, पंकज आदि मौजूद रहे।

### जेईई एडवांस की परीक्षा पास की

श्रीनगर गढ़वाल। रेनबो पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने एनटीए की ओर से आयोजित जेईई एडवांस और दो छात्रों ने नीट की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही पास की है। छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार और परिजनों ने खुशी जाहिर की है। रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास की प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल ने बताया कि नेशलन टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित जेईई एडवांस परीक्षा में अनुराग सेमवाल का आईआईटी पटना, मीत राणा का आईआईटी तिरुपति और मृदुल पटवाल का आईआईटी मद्रास में चयन हुआ है। वही स्कूल की छात्रा तोषिता घिल्डियाल और आयुष नेगी ने मेडिकल परीक्षा (नीट) में अच्छे अंक प्राप्त करते हुए मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। डा. रेखा उनियाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा इस प्रकार के प्रदर्शन से स्कूल के साथ ही पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### श्रीनगर और श्रीकोट की समस्याओं को लेकर मुखर

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर एवं श्रीकोट गंगानाली की जन समस्याओं को लेकर श्रीकोट में आम बैठक की गई। बैठक में श्रीकोट गंगानाली में बाढ़ सुरक्षा दीवार तथा श्रीकोट-श्रीनगर के डांग, उफल्डा में सीवर लाइन का निर्माण, उफल्डा से स्वीत तक ऐलिवेटेड रोड, पेयजल आपूर्ति के लिए नई लाइन का पुनर्गठन तथा श्रीकोट में पानी के अतिरिक्त टैंक, रेलवे टनल निर्माण में इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री से आवासीय घरों को हो रहे नुकसान सहित आदि कई मुद्दों को लेकर बरती जा रही लापरवाही पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। कहा यदि शीघ्र ही जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण नहीं होता है तो आम जन सडक़ों पर उतर जाएगा। श्रीकोट गंगानाली में आयोजित बैठक में पूर्व सभासद संजय कुमार फौजी, बीना चौधरी, पूर्व प्रधान श्रीकोट राजेश्वरी देवी, समाज सेवी अनिल स्वामी, व्यापार सभा अध्यक्ष नरेश नौटियाल ने कहा कि 2013 की आपदा के बाद श्रीनगर व श्रीकोट में बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाने के लिए किए गए संघर्ष के बाद भी श्रीकोट में दो चरणों का कार्य लम्बित पड़ा है। कहा कि श्रीकोट गंगानाली से घसिया महादेव व श्रीनगर के डांग, उफल्डा में लोग लंबे समय सीवर लाइन की मांग कर रही है लेकिन आज भी इन क्षेत्रों में सीवर लाइन का निर्माण नहीं हो पाया है।

# सीएम धामी की सख्ती का असर

## आई.एफ.एस डॉ पराग मधुकर धकाते का बुल्डोजर कहर बरपा रहा है अवैध कब्जों पर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- हल्द्वानी, रामनगर,तराई फॉरेस्ट, देहरादून और लैन्सडाउन डिविजन के साथ साथ राजाजी पार्क में अतिक्रमण पर चलने लगे बुलडोज़र
- दो दिन में तीस हैक्टेयर से ज्यादा वन भूमि कब्जा मुक्त

देहरादूनः 24 अगस्त ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कड़े रुख के चलते वन विभाग के अधिकारी बुलडोज़र लेकर अतिक्रमण हटाने के लिए जंगलों में निकल पड़े है ।सीएम धामी और पीसीसीएफ हॉफ अनूप मलिक के निर्देशों का असर पहले ही दो दिनो में दिख गया जब करीब तीस हैक्टेयर वन भूमि को कब्जा मुक्त कर लिया गया ।नोडल अधिकारी डॉ पराग मधुकर धकाते ने बताया कि हल्द्वानी फॉरेस्ट डिविजन में करीब 26 हैक्टेयर क्षेत्र से कब्जे हटाकर उन्हे जंगल क्षेत्र से बाहर कर दिया गया ।डा धकाते ने बताया कि लैंस डाउन फॉरेस्ट डिविजन ने कोटद्वार क्षेत्र से करीब एक हैक्टेयर अतिक्रमण हटाया है,जबकि डीएफओ तराई पश्चिमी प्रकाश आर्य द्वारा डेढ़ हैक्टेयर वन भूमि खाली कराए जाने की सूचना दी गई है। उधर राजाजी टाइगर रिजर्व से भी 1 हैक्टर अतिक्रमण हटाए जाने की सूचना मिली है ।देहरादून वन प्रभाग में भी दो हैक्टेयर वन भूमि खाली करवाई गई है। रामनगर वन प्रभाग द्वारा रानीखेत रोड पर स्थित अतिक्रमण को हटाया जा रहा है । डा पराग मधुकर धकाते ने बताया कि सभी अतिक्रमण को सैटेलाइट के साक्ष्य चित्रों के जरिए चिन्हित करते हुए निर्देशित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि पीसीसीएफ (हॉफ) अनूप मलिक द्वारा रोजाना अतिक्रमण हटाओ अभियान की रिपोर्ट ली जा रही है और सीएम कार्यालय और शासन को भी प्रतिदिन सूचना प्रेषित की जा रही है ।डा धकाते ने बताया कि सभी प्रभागों के डीएफओ को स्पष्ट कह दिया गया है कि वो फील्ड पर जाकर मौके पर अतिक्रमण को हटाए और इसके लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग भी लेना पड़े तो इसके लिए जिला टास्क फोर्स की मदद ले सकते है ।उन्होंने बताया कि उत्तराखंड हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में भी ये अभियान चलाया जा रहा है।



डॉ. पराग मधुकर धकाते, नोडल अधिकारी, अतिक्रमण मुक्त उत्तराखंड








## घर में मगरमच्छ घुसने से अफरातफरी, रेस्क्यू कर गंगा में छोड़ा

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव कुंडी में एक व्यक्ति के घर में मगरमच्छ घुसने से अफरातफरी मच गई। इससे परिवार के लोग दहशत में आ गये। वनकर्मियों ने मगरमच्छ को पकड़ गंगा में छोड़ा। रामकुमार के घर के नजदीक एक मगरमच्छ दिखाई दिया। जैसे ही उसके परिवार की नजर मगरमच्छ पर पड़ी तो परिवार के सदस्यों ने शोर मंचा दिया। आवाज सुन आसपड़ोस के लोग मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने मगरमच्छ को पकडऩे का प्रयास किया तो मगरमच्छ एक घर के अंदर घुस गया। घर के सदस्यों ने भाग कर अपनी जान बचाई। वनकर्मी विजेंद्र कुमार, विशाल कुमार रवी, शमीम मौके पर पहुंचे। वनकर्मियों ने मगरमच्छ को रस्सी से बांधने के बाद कब्जे में लेकर भोगपुर स्थित गंगा में छोड़ दिया। डिप्टी रेंजर महावीर नेगी ने बताया कि मगरमच्छ को पकड़ लिया गया है।

## महिला स्वास्थ्य कर्मी समेत 14 डेंगू पॉजिटिव

हरिद्वार। धर्मनगरी में महिला स्वास्थ्य कर्मी समेत 14 की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है। इसमें 13 लोग बहादराबाद के रोहालकी गांव के रहने वाले हैं। रोहालकी गांव में इससे पहले भी दो डेंगू के केस मिल चुके हैं। जिला मलेरिया अधिकारी गुरनाम सिंह ने बताया कि रैपिड जांच में डेंगू संभावित 24 मरीजों की एलाइजा जांच की गयी थी। जिसमें 14 मरीजों को डेंगू की पुष्टि हुई है। विभाग के अनुसार जिले में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 74 पहुंच गई है। मेला अस्पताल के डेंगू वार्ड में डेंगू पीड़ित मरीज को भर्ती किया गया है। मेला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि संविदा पर तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मी को भी डेंगू की पुष्टि हुई है। लक्सर की रहने वाली कर्मी मेला अस्पताल में तैनात है।

## एसएसपी ने ली मासिक अपराध समीक्षा की बैठक

नई टिहरी। एसएसपी ने मासिक अपराध समीक्षा की बैठक लेते हुये सीएम पोर्टल पर दर्ज शिकायत सहित अन्य लंबित मामलों के तत्काल निस्तारण के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। गुरुवार को पुलिस दफ्तर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधिकारियों और जिले के थानाध्यक्षों से जिले घटित अपराधों की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश दिये। एसएसपी ने धोखाधड़ी के मुकदमों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन के तहत अभियुक्तों को पकडऩे, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुये तत्काल समाधान के निर्देश दिये। कहा जो भी थानाध्यक्ष मामले लापरवाही बरतेगा उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाऐगी। एसएसपी गुमशुदा बच्चों और महिलाओं की तलाशी हेतु थाना स्तर पर टीमों का गठित कर जल्द गुमशुदों की सुरक्षित वापसी, मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस ऐक्ट के तहत कार्यवाही के निर्देश दिये। कहा कि बारसात के कारण वर्तमान समय में आपदा की संभावना बनी हुई है, समस्त थाना एंव चौकी प्रभारी आपदा उपकरणों के साथ राहत बचाव कार्यों हेतु हर समय तैयार रहें। एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं, जांचों, शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण, एमवी ऐक्ट आदि के तहत चालन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश जारी किये। बैठक में एएसपी जोधराम जोशी, सीओ सुरेंद्र प्रसाद बलूनी, आसिन जोशी, संजय मिश्रा,विभिन्न थानाप्रभारी आदि उपस्थित थे।

## कर्मचारियों ने 30 सितंबर तक आंदोलन स्थगित किया

हरिद्वार। उत्तराखंड आयुर्वेद शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने आयुर्वेद विवि के कुलपति और कुलसचिव साथ विभिन्न मांगों के लेकर हुई बैठक के बाद आंदोलन 30 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है। महासंघ के अध्यक्ष कुलदीप, महामंत्री लक्ष्मण सिंह रौतेला ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांगों पर बिंदुवार वार्ता हुई है। जिसमें वेतन पांच तारीख तक आने, चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की पदोन्नति परीक्षा 16 सितंबर तक करने, 20 सितंबर तक पदोन्नति करने,कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड जल्द बनाने, कर्मचारियों के स्थायीकरण पर जल्द कार्यवाही, मिनिस्ट्रियल संवर्ग का स्टफि ंग पैटर्न, फार्मासिस्ट के नए पदों का सृजन के लिए कमेटी गठित करने, नर्सेस संवर्ग एवं एक्सरे टेक्नीशियन की प्रथम ग्रेड पे 4600 की विसंगति पर वार्ता हुई। आयुर्वेद विवि कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष केएन भट्ट ने बताया कि ऋषिकुल, गुरुकुल आयुर्वेद विवि परिसर के कर्मचारियों की सहमति से आंदोलन 30 सितम्बर तक स्थगित कर दिया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा स्वास्थ्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ दिनेश लखेडा, प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र तेश्वर, जिलामंत्री राकेश भंवर, आयुर्वेद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री केके तिवारी, संरक्षक अशोक राणा, छत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रक चालक-क्लीनर पर हमला

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में एक ट्रक चालक-परिचालक की बुरी तरह पिटाई कर दी गई। चालक ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सुरजीत सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर यूपी ने बताया कि बताया कि 22 अगस्त को देहरादून से ट्रक में पाइप लेकर लक्सर जा रहा था। नूरपुर पंजनहेड़ी पहुंचते ही एक कार ने उनके ट्रक को रोक लिया। कार से उतरे युवकों ने उन पर हमला कर दिया। ट्रक में भी तोडफ़ोड़ कर दी गई। इसके बाद वह फरार हो गए। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि एक आरोपी का नाम प्रखर सामने आया है जबकि एक ग्राम प्रधान का नाम भी आरोपी आपस में ले रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजगुरु का बलिदान याद रहेगा

हरिद्वार। अमर शहीद राजगुरु की जयंती पर महानगर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई ने उन्हें याद किया। युकां विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष तुषार कपिल व एनएसयूआई महानगर अध्यक्ष यागिक वर्मा ने कहा कि देश की स्वतंत्रता में बलिदान देने वाले राजगुरु को नहीं भुलाया जा सकता है। महानगर कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग, पीसीसी सदस्य मुरली मनोहर ने कहा कि देश की आजादी में क्रांतिकारियों ने अहम योगदान दिया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी जितेंद्र रघुवंशी, विजय प्रजापति, शुभम जोशी, दिव्यांशु वर्मा, धनीराम शर्मा, सुमित कुमार, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं, पार्क में गंदगी पर कांग्रेसियों ने नाराजगी जताई।

### हरिद्वार पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता मनीष वाधवा

हरिद्वार। हाल ही में रिलीज गदर टू फिल्म में पाकिस्तान जनरल का किरदार निभाने वाले बॉलिवुड अभिनेता मनीष वाधवा अपने ससुर शशिकांत सूरी की अस्थियां लेकर हरिद्वार हरकी पैड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने धार्मिक परंपरा के साथ अस्थियां गंगा में प्रवाहित की। श्रीगंगा सभा के सचिव उज्ज्वल पंडित ने बताया कि तीर्थ पुरोहित कन्हैया मल, अनमोल मल्ल के माध्यम से ब्रह्मकुंड पर अस्थि प्रवाह किया गया। मनीष वाधवा ने पिंडदान कर्म कुशावर्त घाट पर संपन्न करने के बाद अपने तीर्थ पुरोहित की गद्दी पंडित मोतीराम जोतीराम, कमलकांत मल्ल फर्म पर पुरखो की वंशावली में नाम दर्ज कराया। मनीष वाधवा के साथ बेटा, बहन वा भांजी भी पहुंचे। इस दौरान तीर्थ पुरोहित शगुन भगत, प्रियांश मल्ल आदि शामिल रहे।

### सीयूईटी में छूट को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) का विरोध किया गया। परिषद से जुड़े छात्रों ने छूट की मांग को लेकर एचएनबी विवि के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। गुरुवार को चिन्मय डिग्री कॉलेज में विरोध प्रदर्शन कर छात्रों ने नई व्यवस्था का विरोध किया। छात्र नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थिति, छात्रहित को देखते हुए शिक्षण संस्थानों को मेरिट के आधार पर प्रवेश का अधिकार दिया जाए। छात्र छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कराई जाए। छात्र नेताओं ने कहा कि मांग जल्दी पूरी नहीं होती है तो सडक़ों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। सीटें अभी भी आधे से ज्यादा खाली हैं और छात्र प्रवेश के लिए भटक रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में छात्र संघ अध्यक्ष कार्तिक सैनी, इकाई अध्यक्ष सचिन कुमार, जिला सहसंयोजक शैलेश त्रिपाठी, सक्षम लोचन, अभिषेक मिश्रा, करण सिंह नेगी, तन्नू पाल, आयुष, प्रियांशी, भूमिका, नितिन, कार्तिक, आर्यन पंकज सिंह आदि शामिल रहे।

### चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर आप नेताओं ने बांटी मिठाई

हरिद्वार। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर आप कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग कर विश्व में इतिहास रचने का काम किया है। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हेमा भंडारी, महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि यह पूरे ? देश के लिए गौरवशाली क्षण है। इस मौके पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ओपी मिश्रा, अमनदीप, धीरज पीटर, आशीष गौड़, मयंक गुप्ता, अकरम , आसिफ पीर, पवन कुमार, अल्तमस, हरकेश मोहन आदि शामिल रहे।